कोटद्वार, शनिवार
23 मार्च 2024
वर्ष: 45
अंक: 318 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## ईडी का सनसनीखेज दावा:
# अरविंद केजरीवाल मास्टरमाइंड



### हवाला से 45 करोड़ गोवा ट्रांसफर किए गए

नई दिल्ली ,शराब नीति मामले में गिरफ्तार किए गए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आज कोर्ट में पेश किया गया। इससे पहले राउज एवेन्यू कोर्ट में शराब घोटाले मामले की सुनवाई के दौरान ईडी ने केजरीवाल को लेकर कई दावे किए। ईडी ने दो लोगों की चैट का हवाला दिया, जिसमें कैश को लेकर बातचीत हो रही है। ईडी ने बताया कि हवाला के जरिए गोवा 45 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए। अलग-अलग लोगों को बड़ी धनराशि दी गई, हमने इन लोगों की सीडीआर डिटेल हासिल की है। इनके फोन रिकॉर्ड भी हमारे पास हैं। श्वष्ठ ने कहा कि केजरीवाल दिल्ली शराब नीति को बनाने में सीधे तौर पर शामिल थे। दो बार कैश ट्रांसफर किया गया। पहले 10 करोड़ और फिर 15 करोड़ दिए गए। केजरीवाल पंजाब और गोवा चुनाव के लिए फंडिंग चाहते थे। वहीं, इससे पहले न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की विशेष पीठ के समक्ष केजरीवाल का पक्ष रखते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने निचली अदालत में शुक्रवार को ईडी की हिरासत मामले से संबंधित सुनवाई का हवाला देते हुए कहा कि वह अपनी रिट याचिका वापस लेना चाहते हैं।

केजरीवाल की गुहार स्वीकार करते हुए शीर्ष अदालत ने याचिका वापस लेने की उन्हें अनुमति दे दी। सिंघवी ने शीर्ष अदालत से गुहार लगाते हुए कहा कि वह ईडी की हिरासत का सामना करेंगे और जरूरत पड़ने पर शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे। निचली अदालत में श्री केजरीवाल की हिरासत के मामले में आज सुनवाई होनी है।

### आप ने केजरीवाल की सुरक्षा को लेकर जताई चिंता, भाजपा ने किया पलटवार

नई दिल्ली , दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर आम आदमी पार्टी और भाजपा नेताओं के बीच बयानबाजी का दौर जारी है। आप नेता जहां ईडी की हिरासत में केजरीवाल की सुरक्षा को लेकर चिंता जाहिर कर रहे हैं, वहीं भाजपा ने पलटवार करते हुए याद दिलाया है कि तिहाड़ जेल का प्रशासन आम आदमी पार्टी की सरकार के पास ही है। दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने केजरीवाल की सुरक्षा पर चिंता जाहिर करते हुए एक्स पर पोस्ट कर कहा, देश में पहली बार एक सिटिंग मुख्यमंत्री को गिरफ़्तार किया गया है। अरविंद केजरीवाल के पास जेड प्लस सुरक्षा कवर है। अब वो केंद्र सरकार की ईडी की कस्टडी में हैं। हमें उनकी सेफ्टी और सिक्युरिटी की चिंता है। आतिशी के पोस्ट पर रिप्लाई करते हुए दिल्ली प्रदेश भाजपा ने अपने आधिकारिक अकाउंट से पोस्ट कर कहा, आज उन्हें भी सुरक्षा की चिंता हो रही जो राजनीति में ही यह कह कर आए थे कि सुरक्षा, गाड़ी, बंगला नहीं लूंगा।

# भाजपा प्रत्याशी प्रचंड बहुमत से जीत करेंगे दर्ज़: धामी




अल्मोड़ा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दावा करते हुए कहा कि प्रदेश की पांचों लोकसभा सीटों में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी प्रचंड बहुमत से जीत दर्ज करेंगे। धामी अल्मोड़ा में लोकसभा प्रत्याशी अजय टम्टा के समर्थन में आयोजित सभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस देश में वंशवाद और परिवारवाद की राजनीति को जनता ने नकार दिया है। जनता विकास को लेकर बहुत जागृत है। उन्होंने कहा पीएम मोदी के नेतृत्व में देश ने अभूतपूर्व प्रगति की है। धामी ने अल्मोड़ा क्षेत्र के प्रत्याशी अजय टम्टा को भारी मतों से जिताने की अपील की। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने प्रदेश और केंद्र की योजनाओं को गिनाया। प्रत्याशी अजय टम्टा ने कहा कि अगले 5 साल में टनकपुर, बागेश्वर, रामनगर, चौखुटिया रेल लाइन के प्रथम चरण का काम पूरा हो जाएगा। उन्होंने लोगों से नरेन्द्र मोदी को समर्थन देने के लिए उनके पक्ष में मतदान करने की अपील की। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य, सौरभ बहुगुणा, प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी आदि ने विचार रखे। इस मौके पर प्रदेश संगठन मंत्री अजय, विधायक बिशन सिंह चुफाल, मोहन सिंह मेहरा, फकीर राम, महेश जीना, पार्वती दास, सुरेश गढ़िया, प्रमोद नैनवाल, पूर्व विधायक रघुनाथ सिंह चौहान, पूरन सिंह, कैलाश शर्मा, महेश नेगी, लोकसभा प्रभारी सुरेश भट्ट, सह प्रभारी अजय बिष्ट समेत संसदीय क्षेत्र की चारों जिलों से आए पार्टी पदाधिकारियों ने संबोधित किया। इससे पूर्व अल्मोड़ा के जिला अध्यक्ष रमेश बहुगुणा के नेतृत्व मे सभा संयोजक अजीत कार्की, हरीश बिष्ट धर्मेंद्र बिष्ट आदि कार्यकर्ताओं ने बाजे-गाजे के और गर्मजोशी से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का स्वागत किया।

### भाजपा की सदस्यता ली

भारतीय जनता पार्टी की सभा के दौरान कई लोगों ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा की सदस्यता ली। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने पार्टी की सदस्यता लेने वाले लोगों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भारतीय भाजपा सरकार की लोकप्रियता और कार्य से प्रसन्न होकर विपक्षी दलों के लोगों का रुझान भारतीय जनता पार्टी की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने पार्टी में शामिल होने वाले लोगों से भाजपा की रीति नीति के साथ चलने का आह्वान किया।

## एक नजर

### समाजसेवी सुशीला बहुगुणा का निधन

चमोली : प्रखर समाजसेवी और देवभूमि की सम्पादक सुशीला बहुगुणा का 97 वर्ष की सुदीर्घ आयु में देहावसान हो गया। दिल्ली में अस्वस्थ रहने के बाद उन्होंने नन्दप्रयाग में अन्तिम सांस ली। पत्रकार रमेश पहाडी ने बताया थराली के निकटवर्ती गांव देवलग्वाड़ के उच्च ब्राह्मण परिवार में जन्मी सुशीला की शिक्षा लैंसडौन में हुई और विवाह स्वतंत्रता सेनानी तथा पत्रकार राम प्रसाद बहुगुणा से सम्पन्न हुआ। रामप्रसाद देश की आजादी की लड़ाई और समाजसेवा में स्वयं को समर्पित कर चुके थे तो सुशीला देवी ने भी परिवार की जिम्मेदारियों को संभालते हुए उसी में स्वयं को अर्पित कर दिया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित समाज कल्याण विस्तार परियोजना की अध्यक्ष के रूप में उन्होंने अन्तराल के क्षेत्रों में अपनी पहुंच बनाई और सरकारी योजनाओं को अधिकाधिक जरूरतमंदों तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त किया। सुशीला देवी ने जिला परिषद और क्षेत्र विकास समिति की सदस्य के रूप में आम ग्रामीणों तथा महिलाओं व बच्चों की समस्याओं के लिए आवाज उठाई। वर्ष 1990 में रामप्रसाद बहुगुणा के निधन के बाद उन्होंने देवभूमि के संपादन की जिम्मेदारी भी बाखूबी निभाई। (एजेंसी)

### ग्राम प्रहरियों को 21 माह से नहीं मिला मानदेय

विकासनगर। जौनसार बावर की त्यूणी तहसील क्षेत्र में कार्यरत ग्राम प्रहरियों को 21 माह से मानदेय नहीं मिलने के कारण आर्थिक तंगी झेलनी पड़ रही है। परेशान ग्राम प्रहरियों ने सोमवार को एसडीएम को अपनी पीड़ा बताई। ग्राम प्रहरियों ने बताया कि पिछले 21 माह से मानदेय नहीं मिलने पर उन्हें आर्थिक संकट से गुजरना पड़ रहा है। त्यूणी तहसील क्षेत्र के गांवों में 35 ग्राम प्रहरी हैं। ग्राम प्रहरियों को अभी तक अल्प मानदेय दिये जाने का प्रावधान है, लेकिन वो भी समय पर नहीं मिल रहा है। बताया कि ग्राम प्रहरी आजकल आर्थिक संकट में हैं। प्रहरियों को न तो मानदेय दिया जा रहा है और न ही अन्य कोई सुविधाएं दी जा रही हैं। अध्यक्ष दाताराम शर्मा ने बताया कि मानदेय बढ़ाने पर भी कार्यवाही नहीं की जा रही है, जबकि तय मानदेय भी समय पर नहीं दिया जा रहा है।

### धनबाद में काजू पैकेजिंग फैक्ट्री में आग लगी, करोड़ों का नुकसान

धनबाद ,झारखंड में धनबाद के बरवाअड्डा इलाके की मयूर विहार कॉलोनी स्थित एक काजू पैकेजिंग फैक्ट्री में गुरुवार देर रात आग लग गई।

फायर ब्रिगेड ने शुक्रवार सुबह आग पर काबू पाया। गनीमत यह रही कि फैक्ट्री में जिस समय आग लगी, वहां कोई कर्मचारी नहीं था। आग की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। फैक्ट्री मालिक का कहना है कि आग से करीब दो करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। शाम को फैक्ट्री बंद कर सभी कर्मचारी अपने घर चले गए थे। देर रात फैक्ट्री से आग की ऊंची लपटें उठते देख कॉलोनी के लोगों ने इसकी सूचना दी।

# अरविंद केजरीवाल के घर पहुंचे सीएम भगवंत मान, परिजनों से की मुलाकात



नई दिल्ली ,। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान आज दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के परिजनों से मिलने के लिए उनके घर पहुंच चुके हैं। केजरीवाल शराब नीति घोटाले के मामले में गिरफ्तार हैं। आम आदमी पार्टी (आप) के एक पदाधिकारी ने कहा, ह्यह्यमान केजरीवाल के परिवार के सदस्यों से मिलेंगे। इससे पहले आज सुबह दिल्ली सरकार के मंत्री गोपाल राय भी केजरीवाल के परिजनों से मिलने उनके आवास पर पहुंचे। शुरू में उन्होंने दावा किया था कि उन्हें मुलाकात की इजाजत नहीं दी गई लेकिन बाद में उन्होंने मुलाकात की।

केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद आप के नेताओं तथा कार्यकर्ताओं ने बीजेपी के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया, जिसके बाद पुलिस ने कैबिनेट मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने दोनों मंत्रियों को पुलिस की एक बस में बिठा दिया। हिरासत में लिए जाने के बाद सौरभ भारद्वाज ने कहा, हम सुप्रीम कोर्ट के समक्ष कहेंगे कि अरविंद केजरीवाल को अपने वकील और परिवार से मिलने की अनुमति दी जानी चाहिए और उन्हें अपना आधिकारिक काम करने की भी अनुमति दी जानी चाहिए। केजरीवाल के परिवार को घर में नजरबंद कर दिया गया है।

आईटीओ पर पार्टी के कई नेता और समर्थक आप और भाजपा के कार्यालयों के पास विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इलाके में धारा 144 लागू होने का हवाला देते हुए पुलिस ने उन्हें वहां से चले जाने के लिए कहा।

आप के समर्थकों ने भाजपा नीत केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। पुलिस ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय मार्ग पर अवरोधक लगा दिए हैं और इसे यातायात के लिए अवरुद्ध कर दिया है।

### यूपी मदरसा बोर्ड एक्ट 2004 असंवैधानिक करार, हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

लखनऊ ,इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ पीठ ने शुक्रवार को यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 को ह्यअसंवैधानिकह्ल घोषित कर दिया। न्यायमूर्ति विवेक चौधरी और न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने कानून को अधिकार क्षेत्र से बाहर घोषित करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार को एक योजना बनाने का निर्देश दिया ताकि मदरसे में पढ़ने वाले छात्रों को औपचारिक शिक्षा प्रणाली में समायोजित किया जा सके।

यह आदेश अंशुमान सिंह राठौड़ द्वारा दायर एक रिट याचिका की सुनवाई के दौरान आया, जिसमें यूपी मदरसा बोर्ड की शक्तियों को चुनौती दी गई थी। साथ ही केंद्र तथा राज्य सरकारों द्वारा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग तथा अन्य संबंधित मदरसों के प्रबंधन पर आपत्ति जताई गई थी। इसमें बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार (संशोधन) अधिनियम, 2012 जैसे मुद्दों पर भी आपत्ति जताई गई थी।

कहा जाता है कि उत्तर प्रदेश में लगभग 25 हजार मदरसे हैं और 16,500 से अधिक मदरसा यूपी बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त हैं।

## पीएम मोदी को मिला भूटान का सर्वोच्च सम्मान
# 140 करोड़ भारतीयों को किया समर्पित



नई दिल्ली , दो दिन के भूटान दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भूटान का सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया गया। भूटान का सर्वोच्च नागरिक सम्मान पाने वाले पीएम मोदी पहले विदेशी शासनाध्यक्ष बन गए हैं।

भूटान दौरे पर पहुंचे पीएम मोदी को वहां के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने ह्यऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपोह्ल से सम्मानित किया। बता दें कि अपनी स्थापना के बाद से यह पुरस्कार केवल चार प्रतिष्ठित हस्तियों को प्रदान किया गया है। ऐसे में पीएम मोदी भूटान के इस सर्वोच्च नागरिक सम्मान को पाने वाले पहले विदेशी शासनाध्यक्ष हैं।

इससे पहले 2008 में महामहिम रॉयल क्वीन दादी आशी केसांग चोडेन वांगचुक, परम पावन जे थ्रिजुर तेनजिन् डेंडुप (भूटान के 68वें जे खेंपो) और 2018 में परम पावन जे खेंपो त्रुलकु न्गावांग जिग्मे चोएद्रा को यह सम्मान दिया जा चुका है।

इस सम्मान को पाने के बाद इसका वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर कर पीएम मोदी ने लिखा कि, भूटान द्वारा ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो पुरस्कार से सम्मानित होने पर गर्व महसूस कर रहा हूं।

मैं इसे 140 करोड़ भारतीयों को समर्पित करता हूं।

# सुप्रीम कोर्ट की सख्ती का असर, पोनमुडी को मंत्री की शपथ दिलाने को राज्यपाल सहमत




नई दिल्ली ,उच्चतम न्यायालय सख्त आदेश के एक दिन बाद तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि ने शुक्रवार को शीर्ष अदालत के समक्ष कहा कि द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) विधायक के. पोनमुडी को 22 मार्च को दोपहर 3.30 बजे मंत्री पद की शपथ दिलाई जाएगी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ के समक्ष अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने इस मामले में कहा कि राज्यपाल यह बताना चाहते थे कि उनका सर्वोच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना करने का कोई इरादा नहीं था।शीर्ष अदालत ने राज्यपाल के इस बयान को रिकॉर्ड में दर्ज करते हुए तमिलनाडु सरकार द्वारा दायर अंतरिम आवेदन का निपटारा कर दिया। तमिलनाडु सरकार का पक्ष रख रहे वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी, ए एम सिंघवी और पी विल्सन ने अदालत को बताया राज्यपाल ने नरम रुख अपनाया है और पोनमुडी को शपथ ग्रहण के लिए आमंत्रित किया है।

शीर्ष अदालत ने 21 मार्च को तमिलनाडु सरकार के एक आवेदन पर सुनवाई करते हुए राज्यपाल द्वारा अपनाए गए रुख पर सवाल उठाया। पीठ ने कहा था, वह (राज्यपाल) भारत के सर्वोच्च न्यायालय की अवहेलना कर रहे हैं। जब भारत का शीर्ष न्यायालय किसी सजा पर रोक लगाता है तो राज्यपाल को उसे अन्यथा लेने कोई अधिकार नहीं है। पीठ ने कहा था, हम तमिलनाडु के राज्यपाल के आचरण से गंभीर रूप से चिंतित हैं।

शीर्ष अदालत की दो सदस्यीय पीठ ने 11 मार्च को आय से अधिक संपत्ति के एक मामले में पोनमुडी को दी गई दोषसिद्धि और सजा को निलंबित कर दिया था। इसके बाद मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने पोनमुडी को मंत्री पद की शपथ दिलाने के लिए 13 मार्च को राज्यपाल को पत्र भेजा था। गत 17 मार्च को राज्यपाल ने हालाँकि, जवाब दिया कि पोनमुडी की सजा को केवल ह्यनिलंबित किया गया है, रद्द नहीं किया गयाह्ल और इसलिए उन्हें मंत्री के रूप में नियुक्त नहीं किया जा सकता है। शीर्ष अदालत ने 21 मार्च को तमिलनाडु सरकार के एक आवेदन पर सुनवाई करते हुए राज्यपाल द्वारा अपनाए गए इस रुख पर नाराजगी व्यक्ति की थी।

### सीएम आवास घेराव करने जा रहे आप पदाधिकारियों पर लाठीचार्ज

कुरुक्षेत्र ,आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में पार्टी पदाधिकारियों और सैंकड़ों समर्थकों ने शनिवार को कुरुक्षेत्र में सीएम नायब सैनी के आवास का घेराव किया। शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने जा रहे आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों और समर्थकों पर पुलिस ने वाटर कैनन समेत बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज किया।

इस दौरान आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता और वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा लाठीचार्ज में गंभीर घायल हो गए। अनुराग ढांडा के सिर पर लाठियों से वार किया गया।

वहीं, डा. सुशील गुप्ता के शरीर और पैरों पर गंभीर चोट आईं। काफी पार्टी कार्यकर्त्ताओं को भी गंभीर चोटें आईं। आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों ने पुलिस पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है।

# नासा ने छोटा सैटेलाइट किया लॉन्च, ब्रह्मांडीय विस्फोटों के रहस्यों को करेगा उजागर



वाशिंगटन , नासा ने शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए छोटे आकार का एक सैटेलाइट लॉन्च किया। इसका उद्देश्य ब्रह्मांडीय विस्फोटों के रहस्यों को उजागर करना है। सैटेलाइट बर्स्टक्यूब स्पेसएक्स के 30वें कमर्शियल पुनःआपूर्ति सर्विस मिशन पर परिक्रमा लैब के रास्ते में है। इसने फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन के लॉन्च कॉम्प्लेक्स 40 से 21 मार्च (गुरुवार) को स्थानीय समय के अनुसार शाम 4:55 बजे उड़ान भरी।नासा ने कहा, आईएसएस पर पहुंचने के बाद बर्स्टक्यूब को अनपैक किया जाएगा और बाद में कक्षा में छोड़ दिया जाएगा, जहां यह उच्च-ऊर्जा प्रकाश की संक्षिप्त गामा-किरण विस्फोटों का पता लगाएगा और उनका अध्ययन करेगा।अमेरिका के मैरीलैंड के ग्रीनबेल्ट में नासा के गोडार्ड स्पेस फ्लाइट सेंटर में बर्स्टक्यूब के मुख्य इन्वेस्टिगेटर जेरेमी पर्किन्स ने कहा, बर्स्टक्यूब छोटा हो सकता है। पर यह इन चरम घटनाओं की जांच के अलावा, नई तकनीक का परीक्षण कर रहा है और शुरुआती कैरियर खगोलविदों और एयरोस्पेस इंजीनियरों के लिए महत्वपूर्ण अनुभव प्रदान कर रहा है।

# देश का सबसे बड़ा निर्माणाधीन पुल ध्वस्त, एक की मौत, 40 लोगों के दबे होने की आशंका



सुपौल ,बिहार के सुपौल जिले में आज सुबह बड़ा पुल हादसा हो गया। इस हादसे में एक की मौत हो गई जबकि कई लोग घायल हो गए हैं। इस दुर्घटना के बाद मौके पर राहत-बचाव कार्य की टीम और पुलिस की टीम पहुंच गए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। सुपौल में बन रहे बकौर निर्माणाधीन पुल का बड़ा हिस्सा गिर जाने की वजह से यहां अफरा-तफरी मच गई। आपको बता दें कि यह देश का सबसे बड़ा निर्माणाधीन पुल है।

जानकारी के अनुसार, पुल का पिलर संख्या 50,51,52 का गार्टर गिर गया गया है, जिस वजह से कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी लोगों को निकाल लिया गया है।1200 करोड़ की लागत से इस पुल का निर्माण किया जा रहा था।जानकारी के अनुसार, 40 लोगों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है। किसी के हताहत होने की सूचना अभी तक नहीं है। पुल के इस तरह गिरने के बाद लोग अब इसकी गुणवत्ता पर भी सवाल उठा रहे हैं। जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गए हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। इस घटना के बाद कंपनी के लोग मौके से गायब हो गए हैं। इस पुल के निर्माण का कांट्रैक्ट ट्रांस रेल कंपनी के पास है। इसको भारत माला प्रोजेक्ट के तहत तैयार किया जा रहा था। इस ब्रिज की लंबाई 10।5 किलोमीटर है।

### शरद पवार ने केजरीवाल की गिरफ्तारी पर कहा, इससे आप को होगा फायदा

मुंबई ,राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (सपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी की निंदा की और कहा कि आम आदमी पार्टी लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करेगी।

शुक्रवार को मीडिया से बात करते हुए, शरद पवार ने कहा कि आप देख रहे हैं कि कैसे केंद्रीय जांच एजेंसियों का इस्तेमाल विपक्षी दलों और उनके नेताओं के खिलाफ किया जा रहा है। उन्होंने सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी की आलोचना की।

उन्होंने बताया कि जब सीएम केजरीवाल को इसी तरह से परेशान किया गया था, तो उन्होंने दो मौकों (2015 और 2020) में दिल्ली विधानसभा चुनावों में क्लीन स्वीप किया था।

# प्रथम रैण्डमाईजेशन में 5791 बीयू, 4109 सीयू व 3276 वीपीपैट का रैण्डमाईजेशन किया

देहरादून। रिटर्निंग अधिकारी-01 टिहरी गढवाल संसदीय क्षेत्र/जिला निर्वाचन अधिकारी देहरादून /जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में एनआईसी सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के सम्पादनार्थ ईवीएम/वीवीपैट मशीनों का प्रथम रैण्डमाईजेशन राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। प्रथम रैण्डमाईजेशन में 5791 बीयू, 4109 सीयू तथा 3276 वीपीपैट का रैण्डमाईजेशन किया गया।

इस अवसर पर भाजपा से अरविन्द जैन, कांग्रेस से डॉ जसविन्दर सिंह व शहजाद अंसारी, सीपीआई (एम) से अनन्त आकाश, आप से चौ0 रविन्द्र कुमार, बसपा से दिगविजय सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन जयभारत सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामजीशरण शर्मा, सहित समस्त एआरओ उपस्थित रहे।

# बदायूं हत्याकांड के आरोपी जावेद को कोर्ट ने 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा, साजिद का हो चुका है एनकाउंटर

बदायूं ,बदायूं की बाबा कॉलोनी के दो बच्चों की हत्या के मामले में आरोपी जावेद को आज सीजेएम कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। आरोपी की पेशी के दौरान कोर्ट के बाहर पुलिस फोर्स तैनात रही।वहीं एक अन्य आरोपी का पुलिस ने मंगलवार को एनकाउंटर में ही ढेर कर दिया था। वहीं जावेद को पुलिस ने बरेली से गिरफ्तार किया था। आरोपी से पूछताछ में जावे दने कई बड़े खुलासे किए थे। उसने हत्या की संभावित वजहों का भी खुलासा किया था। जावे दने बताया था कि साजिद की मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहती थी और वह घटना वाले दिन सुबह से ही परेशान नजर आ रहा था।उसने बताया कि घटना वाले दिन वह दोनों हर रोज की तरह 8-8:30 पर दुकान पर आ गए थे। उस दिन साजिद थोड़ा गुमसुम सा लग रहा था। 10 बजे साजिद ने कहा उसे कुछ दिक्कत आ रही है।

दैनिक जयन्त- विचार



## संपादकीय

# केजरीवाल पर संकट

चुनाव की घोषणा होने के साथी देश में कई राजनीतिक समीकरण बदलते हुए नजर आ रहे हैं जिसकी एक कड़ी ईडी द्वारा की गई कार्रवाई, जो की दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ देखने को मिली है खुद में कई संकेत देती है। प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली के चर्चित शराब घोटाले को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया है जिन्हें आज कोर्ट में पेश किया गया, लेकिन अदालत की कारवाई में उन्हें राहत नहीं मिली और 10 दिन की डिमांड ईडी को दे दी गई। यानी की फिलहाल 10 दिन तक मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का जमानत पर रहा होना संभव नहीं है। अरविंद केजरीवाल के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की यह कार्रवाई ऐसे समय पर हुई है जब पहले चरण की नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और आम आदमी पार्टी के सबसे मुख्य प्रचारक के तौर पर अरविंद केजरीवाल को ही देखा जाता है। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी ने देश के आगे एक नई बहस छेड़ दी है कि इस कारवाई के बाद देश का लोकतंत्र और भ्रष्टाचार के खिलाफ की जाने वाली कार्रवाई किस करवट बैठेगी।

इस पर पूरे देश की निगाह है। संभवतः अरविंद केजरीवाल को भी इस बात का आभास नहीं रहा होगा कि 9 बार ईडी के सम्मान को नजरअंदाज करना उनके लिए इस प्रकार भारी पड़ेगा की और चुनावों के समय वे सलाखों के पीछे होंगे। अब रही बात दिल्ली की सत्र की तो आम आदमी पार्टी यह घोषित कर चुकी है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जेल से ही सरकार चलाएंगे। देश में ऐसा पहली बार हुआ है जब किसी सिटिंग मुख्यमंत्री को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है और मुख्यमंत्री द्वारा इस्तीफा न देते हुए खुद ही सरकार चलाने का फैसला लिया गया है। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर पूरे देश में राजनीतिक तौर पर बहस छिड़ चुकी है और जहां एक तरफ विपक्ष और महागठबंधन से जुड़े दल इसे केंद्र सरकार की तानाशाही बता रहे है तो वहीं सत्ता पक्ष से जुड़े नेताओं का कहना है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ केंद्र सरकार की नीति स्पष्ट है और यदि इसमें किसी भी वर्ग और स्तर का व्यक्ति लिप्त पाया जाता है तो उसकी खिलाफ कार्रवाई होगी। आने वाले समय में अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी लोकसभा चुनाव 2024 में मतदाताओं पर क्या प्रभाव डालती है यह जरूर देखने वाली बात होगी लेकिन इतना जरूर है कि एक समय भ्रष्टाचार मुहिम की पताका लेकर चलने वाले अरविंद केजरीवाल खुद भ्रष्टाचार के आरोपों में फंसे हुए नजर आ रहे हैं।

# पारंपरिक जल—स्रोत बचाएं

**पंकज चतुर्वेदी**

**देश के बहुत बड़े हिस्से के लिए अल्प वष्रा नई बात नहीं है, और न ही वहां के समाज के लिए कम पानी में गुजारा करना, लेकिन बीते पांच दशक के दौरान आधुनिकता की आंधी में दफन हो गए हजारों चंदेल—बुंदेला कालीन तालाबों और पारंपरिक जल पण्रालियों के चलते ये हालात बने। मप्र के बुरहानपुर शहर की आबादी तीन लाख के आसपास है। निमाड़ का यह इलाका पानी की कमी के लिए जाना जाता है लेकिन आज भी शहर में कोई अठारह लाख लीटर पानी प्रति दिन एक ऐसी प्रणाली के माध्यम से वितरित होता है, जिसका निर्माण 1615 में किया गया था। यह प्रणाली जल संरक्षण और वितरण की दुनिया की अजूबी मिसाल है, जिसे ह्यभंडाराह्ल कहा जाता है। सतपुड़ा की पहाडियों से एक—एक बूंद जल जमा करना और उसे नहरों के माध्यम से लोगों के घरों तक पहुंचाने की यह व्यवस्था मुगलकाल में फारसी जल—वैज्ञानिक तबकुतुल अर्ज ने तैयार की थी। समय की मार के चलते दो भंडारे पूरी तरह नष्ट हो गए हैं।**

कोई साल बारिश का रूठ जाना तो कभी ज्यादा ही बरस जाना हमारे देश की नियति है। थोड़ा ज्यादा बरसात हो जाए तो उसके समेटने के साधन नहीं बचते और कम बरस जाए तो ऐसा रिजर्व स्टॉक नहीं दिखता जिससे काम चलाया जा सके।

अनुभवों से यह तो स्पष्ट है कि भारी—भरकम बजट, राहत, नलकूप जैसे शब्द जल संकट के निदान नहीं हैं। करोड़ों—अरबों की लागत से बने बांध सौ साल भी नहीं चलते, जबकि हमारे पारंपरिक ज्ञान से बनी जल संरचनाएं ढेर सारी उपेक्षा, बेपरवाही के बावजूद आज भी पानीदार हैं। जलवायु परिवर्तन के खतरे के सामने आधुनिक इंजीनियरिंग बेबस है। यदि भारत का ग्रामीण जीवन और खेती बचाना है तो बारिश की हर बूंद को सहेजने के अलावा और कोई चारा नहीं बच रहा है।

देश के बहुत बड़े हिस्से के लिए अल्प वष्रा नई बात नहीं है, और न ही वहां के समाज के लिए कम पानी में गुजारा करना, लेकिन बीते पांच दशक के दौरान आधुनिकता की आंधी में दफन हो गए हजारों चंदेल—बुंदेला कालीन तालाबों और पारंपरिक जल पण्रालियों के चलते ये हालात बने। मप्र के बुरहानपुर शहर की आबादी तीन लाख के आसपास है। निमाड़ का यह इलाका पानी की कमी के लिए जाना जाता है लेकिन आज भी शहर में कोई अठारह लाख लीटर पानी प्रति दिन एक ऐसी प्रणाली के माध्यम से वितरित होता है, जिसका निर्माण 1615 में किया गया था। यह प्रणाली जल संरक्षण और वितरण की दुनिया की अजूबी मिसाल है, जिसे ह्यभंडाराह्ल कहा जाता है। सतपुड़ा की पहाडियों से एक—एक बूंद जल जमा करना और उसे नहरों के माध्यम से लोगों के घरों तक पहुंचाने की यह व्यवस्था मुगलकाल में फारसी जल—वैज्ञानिक तबकुतुल अर्ज ने तैयार की थी। समय की मार के चलते दो भंडारे पूरी तरह नष्ट हो गए हैं।

सनद रहे कि हमारे पूर्वजों ने देश—काल—परिस्थिति के अनुसार बारिश को समेट कर रखने की कई पण्रालियां विकसित और संरक्षित की थीं, जिनमें तालाब सबसे लोकप्रिय थे। घरों की जरूरत यानी पेयजल और खाना बनाने के लिए मीठे पानी का साधन कुआं कभी हर घर—आंगन में हुआ करता था। धनवान सार्वजनिक कुएं बनवाते थे। हरियाणा से मालवा तक जोहड़ या खाल जमीन की नमी बरकरार रखने की प्राकृतिक संरचना हैं। ये आम तौर पर वष्रा—जल के बहाव क्षेत्र में पानी रोकने के प्राकृतिक या कृत्रिम बांध के साथ छोटे तालाब की मानिंद होते हैं। तेज ढलान पर तेज गति से पानी के बह जाने वाले भूस्थल में पानी की धारा को काट कर रोकने की पद्धति ह्यपाटह्ल पहाड़ी क्षेत्रों में लोकप्रिय रही है। एक नहर या नाली के जरिए किसी पक्के बांध तक पानी ले जाने की प्रणाली ह्यनाड़ा या बंधाह्ल अब देखने को नहीं मिल रही। कुंड और बावडिया महज जल संरक्षण के साधन नहीं, बल्कि हमारी स्थापत्य कला के बेहतरीन नमूना रहे हैं। आज जरूरत है कि ऐसी पारंपरिक पण्रालियों को पुनर्जीवित करने के लिए खास योजना बनाई जाए और इसकी जिम्मेदारी स्थानीय समाज की ही हो।

यह देश—दुनिया जब से है तब से पानी अनिवार्य जरूरत रही है और अल्प वष्रा, मरुस्थल, जैसी विषमताएं प्रकृति में विद्यमान रही हैं—यह तो बीते दो सौ साल में ही हुआ कि लोग भूख या पानी के कारण अपने पुश्तैनी घरों—पिंडों से पलायन कर गए। उसके पहले का समाज तो हर तरह की जल—विपदा का हल रखता था। अभी हमारे देखते—देखते ही घरों के आंगन, गांव के पनघट और कस्बों के सार्वजनिक स्थानों से कुएं गायब हुए हैं। बावडियों को हजम करने का काम भी आजादी के बाद ही हुआ। हमारा आदि—समाज गर्मी के चार महीनों के लिए पानी जमा करने और किफायत से खर्च करने को अपनी संस्कृति मानता था। अपने इलाके के मौसम, जलवायु चक्र, भूगर्भ, धरती—संरचना, पानी की मांग—आपूर्ति का गणित भी जानता था। उसे पता था कि खेत को कब पानी चाहिए और कितना मवेशी को और कितने में कंठ तर हो जाएगा। वह अपनी गाड़ी को साफ करने के लिए पाइप से पानी बहाने या हजामत के लिए चालीस लीटर पानी बहा देने वाली टोंटी का आदी नहीं था। भले ही आज उसे बीते जमाने की तकनीक कहा जाए लेकिन आज भी देश के कस्बे—शहर में बनने वाली जल योजनाओं में पानी की खपत और आवक का वह गणित कोई नहीं आंक पाता है, जो हमारा पुराना समाज जानता था।

राजस्थान में तालाब, बावडियां, कुई और झालार सदियों से सूखे का सामना करते रहे। ऐसे ही कर्नाटक में कैरे, तमिलनाडु में ऐरी, नगालैंड में जोबो तो लेह—लद्दाख में जिंग, महाराष्ट्र में पैट, उत्तराखंड में गुल, हिमाचल प्रदेश में कुल और जम्मू में कुहाल कुछ ऐसे पारंपरिक जल—संवर्धन के सलीके थे जो आधुनिकता की आंधी में कहीं गुम हो गए और आज जब पाताल का पानी निकालने और नदियों पर बांध बनाने की जुगत नाकाम होती दिख रही हैं तो फिर उनकी याद आ रही है। गुजरात में कच्छ के रण में पारंपरिक मालधारी लोग खारे पानी के ऊपर तैरती बारिश की बूंदों के मीठे पानी को ह्यविरदाह्ल के प्रयोग से संरक्षित करने की कला जानते थे। सनद रहे कि उस इलाके में बारिश भी बहुत कम होती है। हिम—रेगिस्तान कहे जाने वाले लेह—लद्दाख में सुबह बरफ रहती है, और दिन में धूप के कारण कुछ पानी बनता है जो शाम को बहता है। वहां के लोग जानते थे कि शाम को मिले पानी को सुबह कैसे इस्तेमाल किया जाए।

तमिलनाडु में एक जल सरिता या धारा को कई—कई तालाबों की श्रृंखला में मोडक़र हर बूंद को बड़ी नदी और वहां से समुद्र में बेजा होने से रोकने की अनूठी परंपरा थी। उत्तरी अराकोट और चेंगलपेट जिले में पलार एनीकेट के जरिए इस ह्यपद्धति तालाबह्ल प्रणाली में 317 तालाब जुड़े हैं। रामनाथपुरम में तालाबों की अंतर्श्रृंखला भी विस्मयकारी है। पानी के कारण पलायन के लिए बदनाम बुंदेलखंड में भी पहाड़ी के नीचे तालाब, पहाड़ी पर हरियाली वाला जंगल और एक तालाब के ह्यओनेह्ल (अतिरिक्त जी की निकासी का मुंह) से नाली निकाल कर उसे उसके नीचे धरातल पर बने दूसरे तालाब से जोडऩे और ऐसे पांच—पांच तालाबों की कतार बनाने की परंपरा 900वीं सदी में चंदेल राजाओं के काल से रही है। वहां तालाबों के आंतरिक जुड़ावों को तोड़ा गया, तालाब के बंधान फोड़े गए, तालाबों पर कालोनी या खेत के लिए कब्जे हुए, पहाड़ी फोड़ी गई, पेड़ उजाड़ दिए गए। इसके कारण जब जल देवता रूठे तो पहले नल, फिर नलकूप के टोटके किए गए। सभी उपाय जब हताश रहे तो आज फिर तालाबों की याद आ रही है।

# कड़वे सच का सामना

अरविंद सुब्रह्मण्यम का ताजा बयान उन आंकड़ों पर एक गंभीर सवाल है, जिनके आधार पर भारत में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और अगले 23 वर्षों में विकसित भारत बना देने का नैरेटिव बुना गया है।

मशहूर अर्थशास्त्री और नरेंद्र मोदी सरकार के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार अरविंद सुब्रह्मण्यम ने भारत के लोगों को अपना दिमाग कबाड़ मुक्त करने की सलाह दी है। उन्होंने आगाह किया है कि भारत एक बड़ा बाजार नहीं है। भारत का घरेलू बाजार इतना बड़ा नहीं है, जिसके बूते भारत का मैनुफैक्चरिंग उद्योग फूल—फल सके। उन्होंने कहा— ह्यभारत यह सोच कर बहुत बड़ी गलती कर रहा है कि वह अपने घरेलू बाजार के बूते आगे बढ़ सकता है। मेरी समझ में यह घातक निष्कर्ष है।ह्ल

सुब्रह्मण्यम का तात्पर्य यह है कि भारतीय अर्थव्यवस्था को अगर विकसित होना है, तो ऐसा निर्यात के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़ा कर ही किया जा सकता है। पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार ने वर्तमान में बताई जा रही आर्थिक वृद्धि दर पर भी संदेह जताया। हाल में केंद्र सरकार ने बताया था कि इस वित्त वर्ष की पहली और दूसरी तिमाहियों में भारत ने 8 प्रतिशत से भी अधिक ऊंची वृद्धि दर हासिल की।

सुब्रह्मण्यम ने इसे "पूर्णतः रहस्यमय" बताया। कहा— "ईमानदारी के साथ मैं यही कहूंगा कि जीडीपी वृद्धि दर की इस संख्या को मैं समझ नहीं पाया।" कहा कि यह संख्या मुद्रास्फीति की एक से डेढ़ फीसदी दर के आकलन पर आधारित है, जबकि वास्तविक मुद्रास्फीति दर तीन से पांच फीसदी के बीच रही है।

एक प्रमुख अर्थशास्त्री का यह सार्वजनिक बयान उन आंकड़ों पर एक गंभीर सवाल है, जिनके आधार पर भारत में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और अगले 23 वर्षों में विकसित भारत बना देने का नैरेटिव बुना गया है। दरअसल, आर्थिक आंकड़ों की बात करें, तो ऐसी बहुत सी अन्य विसंगतियां सामने हैं।

सचमुच यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आंकड़ों के साथ खिलवाड़ या हेरफेर जरिए ऐसी धारणाएं बनाई गई हैं, जिनका कोई वास्तविक आधार नहीं है। स्पष्टतः ऐसी धारणाओं के जरिए आबादी के एक हिस्से को कुछ समय तक के लिए भटकाए रखा जा सकता है, लेकिन उनके जरिए आम जन की बुनियादी समस्याओं को हल नहीं किया जा सकता। समाधान निकालने की पहली शर्त सच को स्वीकार करना है। कहा जा सकता है कि सुब्रह्मण्यम ने देश का सामना ऐसे ही सच से कराया है।

# इलेक्ट्रोल बांड : छिपाइए नहीं, बताइए

लोकतांत्रिक शासन में चुनाव से ही पारदर्शिता और निष्पक्षता बरतने का आग्रह एक न्यूनतम अपेक्षा है। आंतरिक एवं बाह्य सुरक्षा एवं इनसे जुड़े विदेशी समझौतों को ही इसके दायरे से बाहर रखा जा सकता है।

पर देश के राजनीतिक दलों को जिस इलेक्ट्रोल बांड के जरिए चंदा देने की व्यवस्था अपारदर्शी भीत्ति पर बनाई गई थी। इससे यह खुलासा नहीं हो रहा था कि कब, कौन, किस पार्टी को और कितना धन चंदे में दे रहा है।

सर्वोच्च न्यायालय ने बांड जारी करने वाला एकमात्र बैंक एसबीआई है, नियमतः यह काम आरबीआई का था, उसे 15 फरवरी को ही इसके सारे ब्योरों को चुनाव आयोग को देने की बात कही थी ताकि वह अपनी साइट पर सार्वजनिक करे। पर एसबीआई जो वित्त मंत्रालय के अधीन है, उसने न्यायालय के निर्देश का दो हिस्सों में और वह भी आधा—अधूरा पालन किया। बैंक ने पहले हिस्से में बांड खरीद की तारीख, खरीदने वालों के नाम और उसकी कीमत बताई है।

दूसरे में बांड को भुनाने की तारीख, पार्टी के नाम और उसकी कीमत दी है। एक तीसरी कॉपी भी जारी की है, जिसमें बांड की कीमत, उसे देने और भुनाने वालों के नाम और तिथियां हैं। ये आयोग की वॉल पर हैं। पर इनमें वह यूनिक कोड नहीं है, जिससे तमाम ब्योरों का समग्रता में खुलासा करने और इस तरह सरकार बनने की पहली दहलीज से ही पण्राली में पारदर्शिता लाने का न्यायालय का मूल मकसद ही नहीं पूरा हो रहा है।

इसलिए मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को बांड के यूनिक कोड के साथ तमाम ब्योरे 21 मार्च को शाम 5 बजे से पहले अंतिम रूप से जारी करने के लिए एसबीआई को कड़ी फटकार लगानी पड़ी। न्यायालय चाहता है कि बैंक यूनिक कोड के साथ एक समग्र और अंतिम ब्योरा दे।

इसके लिए उसे दो हिस्सों में ब्योरा देना होगा। पहले में बांड के खरीदने की तारीख, खरीदने वालों के नाम, उसके यूनिक कोड, और उसकी कीमत हो। दूसरे हिस्से में, बांड भुनाने की तारीख, भुनाने वाली पार्टी, बांड के यूनिक कोड और उसका मूल्य दिया जाए ताकि आम जन बांड खरीदने वाले और इसको भुनाने वाले के साथ मिलान कर सके। इससे पार्टियां और उन्हें चंदे देने वाली कंपनी—घरानों की नींद उड़ी हुई है।

पर सर्वोच्च न्यायालय की पहल से चुनावी चंदे की स्वीकार्य नैतिक व्यवस्था बनेगी जिसका असर चुनावों के बेलगाम खर्चे पर नियंतण्रके रूप में होगा। इसके लिए देश में कब से चल रही बहस एक निर्णायक आकार ले सकेगी।

# शक्ति की असल शक्ति

मेरे लिए तो हर मां—बेटी शक्ति का रूप है। मैं इनको शक्ति के रूप में पूजता हूं और इनकी रक्षा के लिए जान की बाजी लगा दूंगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्षी इंडिया गठबंधन पर मुंबई की रैली में कहा।

चुनाव में लड़ाई शक्ति के विनाशकों और शक्ति के उपासकों के बीच है और चार जून को स्पष्ट होने की बात भी की कि कौन शक्ति का विनाश करने वाला है और किसे शक्ति का आशीर्वाद प्राप्त है।

दरअसल, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन के अवसर पर मुंबई में आयोजित रैली में कहा था, हिन्दू धर्म में शक्ति शब्द होता है। हम शक्ति से लड़ रहे हैं, एक शक्ति से लड़ रहे हैं।

हालांकि राहुल ने अपने बयान के विवाद के बाद कहा कि प्रधानमंत्री ने उनकी बातों का अर्थ बदलने की कोशिश की। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया—मैंने गहरी सच्चाई बोली है। जिस शक्ति का मैंने उल्लेख किया, जिस शक्ति से हम लड़ रहे हैं, उस शक्ति का मुखौटा मोदी जी हैं।

मोदी ने किसी का नाम न लेते हुए कहा, ये कहते हैं कि जिस शक्ति की मैं बात कर रहा हूं, उन्होंने उनका गला पकड़ कर उनको भाजपा की ओर किया है और वह सब डर गए हैं। जाहिर है, लोक सभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होते ही सभी राजनैतिक दल पूरी मशक्कत से जुट गए हैं।

वे आरोपों—प्रत्यारोपों द्वारा, एक—दूसरे पर कीचड़ उछाल कर तथा निशाने लगा कर जनता को लुभाने के वही पुराने तरीके अपना रहे हैं जिनके बूते अपनी पार्टी के उम्मीदवारों को जितवाने की संभावनाएं प्रतीत हो रही हों। राहुल गांधी को अभी पिछले दिनों ही प्रधानमंत्री को अपशब्द कहने पर अदालत से चेतावनी मिल चुकी है।

पिछले कई चुनावों से देखने में आ रहा है कि सत्ताधारी दल और विपक्ष चुनावी भाषणों में शालीनता बनाए रखने में चूकते जा रहे हैं। व्यक्तिगत आरोप और छींटाकशी भरे जुमलों का भरपूर प्रयोग होने लगा है। कुछ भी हो नेताओं को भाषा और शब्दों के चयन की खास शालीनता का ख्याल रखना चाहिए।

चुनाव आयोग द्वारा कड़ाई से आदर्श चुनाव संहिता लागू किए जाने के बावजूद नेताओं द्वारा यह चूक होती नजर आती है। शक्ति स्त्री को कहें या सत्ता को, दरअसल यह तो चार जून को मतदाता ही दिखाएगा कि असली शक्ति किसके हिस्से जाती है। यह मूल रूप से इस शक्ति के ही हाथ है कि वह किसे शक्तिवान बनाती है, और किसे शक्तिहीन कर देती है।

# बॉक्स ऑफिस पर शैतान का जलवा बरकरार, वर्ल्डवाइड कलेक्शन 150 करोड़ के पार



अजय देवगन की शैतान का बॉक्स ऑफिस पर जलवा बरकरार है. फिल्म में आर माधवन की खलयानकी लोगों को बहुत पसंद आ रही है. हर दिन ये सुपरनैचुरल हॉरर फिल्म बॉक्स ऑफिस पर छप्परफाड़ कलेक्शन कर रही है. यहां तक कि हाल ही में रिलीज हुईं सिद्धार्थ मल्होत्रा की योद्धा और अदा शर्मा की बस्तरः द नक्सल स्टोरी का भी शैतान के कलेक्शन पर कुछ खास असर नहीं पड़ रहा है.

चलिए जानते हैं कि अजय देवगन और आर माधवन की फिल्म ने दूसरे सोमवार बॉक्स ऑफिस पर कितने करोड़ का बिजनेस किया है.

बॉक्स ऑफिस पर शुरुआत से ही ह्यशैतानह्ल का डंका बज रहा है. पहले दिन फिल्म ने 14.75 करोड़ रुपये का जबरदस्त कलेक्शन किया था. फिल्म ने दूसरे दिन 18.75 करोड़, तीसरे दिन 20.5 करोड़, चौथे दिन 7.25 करोड़, पांचवें दिन 6.5 करोड़, छठवें दिन 6.25 करोड़ और सातवें दिन 5.75 करोड़ रुपये की कमाई की. 8वें दिन ह्यशैतानह्ल ने 5.05 करोड़ और 9वें दिन 8.5 करोड़ और 10वें दिन 9.75 करोड़ रुपये का बिजनेस किया. आर माधवन और अजय देवगन की फिल्म ह्यशैतानह्ल ने 10वें दिन ही 100 करोड़ के आंकड़े को पार कर लिया था. ऋतिक रोशन की ह्यफा-इटरह्ल के बाद ह्यशैतानह्ल दूसरी फिल्म बन गई है, जिसने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ क्लब में एंट्री मारी है. अब इसके 11वें दिन की कमाई के आंकड़े सामने आ गए हैं. सैकनिल्क की अर्ली रिपोर्ट के मुताबिक, ह्यशैतानह्ल ने दूसरे सोमवार को देशभर में 3 करोड़ रुपये का बिजनेस किया है. इस तरह भारत में अब तक फिल्म की टोटल कमाई 106.05 करोड़ हो चुकी है.

देश ही नहीं बल्कि विदेशों मे भी अजय देवगन और आर माधवन की ह्यशैतानह्ल छप्पफाड़ कलेक्शन कर रही है. ये फिल्म अब तक दुनियाभर में 152.11 करोड़ का बिजनेस कर चुकी है.

## श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हुए मुशिफकुर रहीम

**चटगांव ,एजेंसी।** श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले बांग्लादेश को बड़ा झटका लगा है। टीम के अनुभवी विकेटकीपर—बल्लेबाज मुश्फिकुर रहीम अंगूठे की चोट के कारण सीरीज से बाहर हो गए हैं। श्रीलंका के खिलाफ तीसरे वनडे के दौरान फील्डिंग करते समय मुश्फिकुर के अंगूठे पर गेंद लग गई थी। मैच के बाद हुई जांच से पता चला कि मुश्फिकुर के अंगूठे में फ्रैक्चर है। बांग्लादेश के फिजियो बायजेदुल इस्लाम खान ने पुष्टि की कि मुश्फिकुर श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे और उनके चार सप्ताह तक बाहर रहने की उम्मीद है।आईसीसी ने बायजेदुल के हवाले से कहा, मैच के बाद, मुश्फिकुर का ढाका में स्कैन हुआ, जिसमें उनके दाहिने अंगूठे में फ्रैक्चर का पता चला। इसलिए, लगभग तीन से चार सप्ताह तक उनके बाहर रहने की संभावना है। हालांकि, बीसीबी ने अभी तक रहीम के लिए किसी रिप्लेसमेंट की घोषणा नहीं की है।

# भारतीय एमेच्योर टीम 44वें क्वीन सिरिकिट कप में प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** विधात्री उर्स, ज़ारा आनंद और हीना कांग की भारतीय एमेच्योर गोल्फ खिलाडियों की तिकड़ी शुरू होने वाले क्वीन सिरिकिट कप के लिए न्यूजीलैंड, क्राइस्टचर्च में क्लियरवॉटर गोल्फ क्लब में धूम मचाने के लिए पूरी तरह तैयार है। तीन महिला एमेच्योर को भारतीय गोल्फ संघ (आईजीयू) द्वारा उनके प्रशिक्षण और प्रतियोगिता के वार्षिक कैलेंडर के हिस्से के रूप में भेजा गया है, जिसे भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) द्वारा वित्त पोषित किया जाता है। आईजीयू ने इस आयोजन के लिए सुनीता कटारिया को टीम मैनेजर नियुक्त किया है।दिलचस्प बात यह है कि अवनि प्रशांत, विधात्री और निश्ना पटेल की भारतीय एमेच्योर टीम पिछले साल मनीला में प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में अभूतपूर्व उपविजेता रही थी। इसके अलावा, अवनि ने व्यक्तिगत खिताब जीत कर 43 साल का इंतजार




खत्म किया था।ज़ारा, जो पिछले साल दिल्ली गोल्फ क्लब में राष्ट्रीय खेलों में उत्तर प्रदेश की रजत पदक विजेता टीम का हिस्सा थी, न्यूजीलैंड में इस आयोजन के 44वें संस्करण में अपनी पहली उपस्थिति के लिए उत्साहित है। क्राइस्टचर्च में प्रैक्टिस के दौरान ज़ारा ने कहा, मैं पहली बार क्वीन सिरिकिट कप में देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। भारतीय टीम पिछले साल उपविजेता रही थी जिससे मुझे काफी आत्मविश्वास मिला है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि हमारी टीम न्यूजीलैंड में यादगार प्रदर्शन करेगी।ज़ारा हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर टूर्नामेंट के छठे चरण में भारत के सबसे कठिन कोर्स डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब, गुरुग्राम में पिछले हफ्ते छठे स्थान पर रही, जिसमें विधात्री ने शीर्ष—5 में जगह बनाई, जिससे यह जोड़ी अच्छी स्थिति में रहेगी। ज़ारा स्थानीय समयानुसार सुबह 8:30 बजे इंडोनेशिया की सानिया तलिता वाहुदी और जापान की आइना फुजीमोटो के साथ खेल की शुरुआत करेंगी। विधात्री स्थानीय समयानुसार सुबह 8:40 बजे इंडोनेशिया की एलेन विदजाजा और जापान की साओरी इजिमा के साथ अपना दौर शुरू करेंगी। हीना 10 मिनट बाद इंडोनेशिया की क्रिस्टीना नतालिया योको और जापान की ममिका शिनची के साथ शुरुआत करेंगी।

# मुंह में बीड़ी और कांधे पर गमछा, भैया जी से मनोज वाजपेयी का भौकाली फर्स्ट लुक आउट

मनोज बाजपेयी बॉलीवुड सबसे ज्यादा टैलेंटेड और वर्सेटाइल एक्टर्स में से एक हैं. उन्होंने बॉलीवुड में तमाम फिल्मों में अपनी दमदार एक्टिंग का लोहा मनवाया है. वहीं मनोज बाजपेयी का ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी डंका बजता है. फैंस मनोज की हर फिल्म और सीरीज का ब्रेसब्री से इंतजार करते हैं. वहीं एक्टर अब जल्द ही भैया जी बनकर बड़े पर्दे पर छाने वाले हैं. एक्टर की इस अपकमिंग फिल्म की रिलीज डेट अनाउंस हो गई हैय

मनोज बाजपेयी ने अपनी अपकमिंग फिल्म ह्यभैया जीह्ल की रिलीज डेट का आज ऐलान कर दिया है. मनोज बाजपेयी की यह फिल्म 24 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी और इसका टीजर 20 मार्च की दोपहर को जारी किया जाएगा. अभिनेता ने सोशल मीडिया पर फिल्म का एक नया पोस्टर शेयर कर इसकी अनाउंसमेंट की है. मनोज ने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर हिंदी में लिखा, आ गए हैं वो. उन्होंने आगे फिल्म की रिलीज डेट अनाउंस करते हुए लिखा, भैयाजी 24 मई को सिनेमाघरों में. टीज़र 20 मार्च को दोपहर 2:42 बजे रिलीज़ होगा.

नए पोस्टर में, मनोज बिल्कुल ठेठ गांववाले के गेटअप में दिख रहे हैं. वे कुर्ता—धोती और गमछा लिए हुए दिख रहे हैं वहीं उनके मुंह में सिगरेट भी है और माथे पर खून की एक लकीर भी है. बैकग्राउंड किसी विरोध—प्रदर्शन का लग रहा है. दिलचस्प बात ये है कि मनोज इस फिल्म से बतौर निर्माता डेब्यू करने जा रहे हैं. उनके साथ उनकी पत्नी शबाना भी इस फिल्म की निर्माता है. मनोज की सिर्फ एक बंदा काफी है काफी हिट रही थी. इसके अलावा, मनोज को ह्यजोरमह्ल और ह्यकिलर सूपह्ल में भी देखा गया था. अब उनके पास पाइपलाइन में द फैमिली मैन की अगली किस्त है.

## मेरी जीवन यात्रा को दिखाता है शो सावधान इंडिया अपनी खाकी में मेरा किरदार : तन्वी मल्हारा

शो सावधान इंडिया अपनी खाकी में एक तेजतर्रार सब—इंस्पेक्टर प्रगति देशमुख की भूमिका निभाने वाली एक?ट्रेस तन्वी मल्हारा ने कहा कि उनका किरदार उनकी खुद की जीवन यात्रा को दिखाता है।

अपने किरदार के बारे में बात करते हुए तन्वी ने कहा, ऑडिशन के समय पुलिसकर्मी का यह किरदार बेहद कठिन लग रहा था। अभिनय के प्रति मेरे जुनून के कारण यह संभव हो पाया।

उन्होंने कहा, ऐसे क्षण थे जब मुझे अपने संकल्प को मूर्त रूप देने के लिए संघर्ष करना पड़ा। कई दृश्यों के दौरान मुझे लगा कि मैं टूट रही हूं।

# एमएस धोनी से करोड़ों की धोखाधड़ी के केस में कोर्ट ने लिया संज्ञान

**रांची,एजेंसी।** क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी की ओर से अरका स्पोर्ट्स मैनेजमेंट नामक कंपनी के निदेशकों के खिलाफ करोड़ों की धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए दर्ज कराए गए केस में रांची के ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट राजकुमार पांडेय की कोर्ट ने संज्ञान लिया है। आरोपियों के खिलाफ कोर्ट की ओर से समन जारी किया जाएगा।

धोनी की तरफ से उनके प्रतिनिधि सीमांत लोहानी उर्फ चित्तू की ओर से 5 जनवरी को दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, अरका स्पोर्ट्स मैनेजमेंट कंपनी के साथ महेंद्र सिंह धोनी ने ग्लोबल लेवल पर क्रिकेट एकेडमी की स्थापना को लेकर 2017 में करार किया था।

दोनों पक्षों के बीच जो एग्रीमेंट हुआ, उसके मुताबिक अरका स्पोर्ट्स की ओर से धोनी को फ्रेंचाइजी शुल्क मिलना था और इसके अलावा प्रॉफिट का हिस्सा भी शेयर किया जाना था। लेकिन, करार की शर्तों का पालन न करने पर उन्होंने कंपनी को कई नोटिस दिए थे।

जवाब नहीं मिलने धोनी ने अरका स्पोर्ट्स को 15 अगस्त 2021 को भेजे गए नोटिस के साथ ही उसे दिया गया अधिकार रद्द कर दिया गया था। इस शिकायत के आधार पर कंपनी के दो प्रमुख निदेशकों मिहिर दिवाकर और सौम्या दास के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज हुआ था। धोनी की ओर से कहा गया है कि करार का पालन नहीं किए जाने से उन्हें करोड़ों का नुकसान हुआ है।

## महिंद्रा ने ईवी चार्जिंग इन्फ्रा के विस्तार के लिए अदाणी टोटल एनर्जी के साथ किया करार

**मुंबई ,एजेंसी ।** प्रमुख एसयूवी निर्माता महिंद्रा एंड महिंद्रा ने देश में ईवी चार्जिंग बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए अदाणी टोटल एनर्जी ई—मोबिलिटी लिमिटेड (एटीईएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की।कंपनी ने कहा, महिंद्रा और अदाणी टोटल गैस लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एटीईएल के बीच समझौता ज्ञापन देशभर में एक विस्तृत ईवी चार्जिंग बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए एक रोडमैप निर्धारित करता है। इस सहयोग के साथ एक्सयूवी400 ग्राहकों को अब ब्लूसेंस+ ऐप पर 1,100 से ज्यादा चार्जर तक पहुंच मिलेगी,

# होली के रंग में रंगने लगा बाजार, हर्बल रंगों की अधिक डिमांड



होली का पर्व निकट आने के साथ ही कोटद्वार क्षेत्र में सजी होली के सामान की दुकानें

## बच्चों के लिए विभिन्न डिजाइन की पिचकारियां भी बाजार में उपलब्ध

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : कोटद्वार व आसपास के बाजार होली के रंग में रंगने शुरू हो गए हैं। बाजार में अबीर-गुलाल के साथ ही विभिन्न डिजाइन वाली पिचकारियां उपलब्ध हैं। हालांकि इस वर्ष रंग व पिचकारी के दामों में कुछ बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है। बाजार में कैमिकल रंगों के बजाय हर्बल रंगों की अधिक डिमांड है। बच्चों के लिए मुखौटे भी आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

तीन दिन बाद होली का पर्व मनाया जाना है। ऐसे में शहर के बाजारों ने भी होली की तैयारियां शुरू कर दी है। अबीर-गुलाल के साथ ही पिस्टल, राकेट, गिटार के साथ ही संगीत की तान छोड़ने वाली पिचकारी बच्चों को खूब लुभा रही है। होली के रंग से बाल की सुरक्षा के लिए बाजार में बनावटी बाल भी उपलब्ध हैं। बाजार में बनावटी बाल की कीमत सौ रुपये से शुरू है। बाजार में कैमिकल रंगों के बजाय हर्बल रंग अधिक बिक रहे हैं। पिचकारी की बड़ी श्रृंखला भी बाजार में उपलब्ध है। पहली बार म्यूजिक पिचकारी भी बाजार में आई है। यह पिचकारी बच्चों के साथ ही बड़ों को खूब भा रही है। दुकानों मे विभिन्न प्रकार के मुखौटे भी बच्चों को आकर्षित कर रहे हैं। कपड़ों की दुकान के बाहर हैंगर पर होली की पोशाक भी लगनी शुरू हो गई है।

**यह हैं बाजार भाव**

| सामान | दाम |
|---|---|
| बनावटी बाल | 100-250 |
| छोटी पिचकारी | 50-100 |
| म्यूजिकल पिचकारी | 200-350 |
| राकेट पिचकारी | 150-250 |
| मुखौटा | 40-100 |

## विद्यार्थियों को बताया होली पर्व का महत्व

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : रोहित अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज उमरावनगर में होली पर्व का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने एक-दूसरे पर रंग लगाते हुए होली की बधाईयां दी। इस दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को कैमिकल के बजाय हर्बल रंगों से ही होली पर्व मनाने की सीख दी। आयोजित कार्यक्रम में आचार्य मुनीश ने विद्यार्थियों को होली के महत्व के बारे में बताया। कहा कि होली एक भाईचारे का पर्व है। हमें होली पर कैमिकल रंगों का बिलकुल भी उपयोग नहीं करना चाहिए। कैमिकल युक्त रंग त्वचा के लिए काफी घातक होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को यह संदेश अधिक से अधिक व्यक्तियों तक पहुंचाने को भी कहा। आचार्य अशोक ने विद्यार्थियों को जल संरक्षण की सीख दी। कहा कि होली पर जल बर्बाद न हो, इसका भी विशेष ध्यान रखे। प्रधानाचार्य कुंजबिहारी भट्ट ने कहा कि होली पर हमें हर्बल रंग या फिर फूलों की होली खेलनी चाहिए। इस मौके पर मधुबाला, चंद्रकांत, राजेश आदि मौजूद रहे।

# आचार संहिता को ध्यान में रखकर मनाएं होली का पर्व



होली पर्व के मद्देनजर कोटद्वार कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक लेते अधिकारी

## उपजिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक ने ली बैठक

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : पुलिस व प्रशासन ने होली का त्योहार आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए मनाने की अपील की है। कहा कि कोई भी व्यक्ति कानून व्यवस्था बिगड़ने का प्रयास करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

शुक्रवार को उपजिलाधिकारी सोहन सैनी व अपर पुलिस अधीक्षक जया बलूनी ने पीस कमेटी की बैठक ली। अधिकारियों ने कहा कि पूर्व में चिह्नित स्थानों पर ही होलिका दहन किया जाएगा। होली पर किसी भी तरह की अव्यवस्था न हो इसके लिए आमजन पुलिस व प्रशासन का सहयोग करें। नशे में वाहन न चलाएं। यदि कोई भी कानून व्यवस्था को बिगाड़ने का कार्य करता है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। कहा कि अनुमति लेने के बाद भी डीजे की आवास सीमित ही रखें। आसपास रहने वाले परिवारों को को किसी भी तरह की परेशान न हो इसका ध्यान रखें। होली पर शहर के संदिग्ध इलाकों में पुलिस गश्त बढ़ने का भी निर्णय लिया गया। इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी विभव सैनी, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मणिभूषण श्रीवास्तव, मुकेश मल्होत्रा, आशाराम, विवेक अग्रवाल, आर्यन अग्रवाल, अहसान आदि मौजूद रहे।

# गौरेया संरक्षण पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता में शालिनी रही प्रथम

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : गौरेया संरक्षण के लिए ग्रीन पल्स सोसाइटी की ओर से आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में शालिनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस दौरान सदस्यों ने विद्यार्थियों को गौरेया संरक्षण का संदेश दिया।

आरसीडी पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रवक्ता डा. मोहन कुकरेती ने गौरेया के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने प्रोजेक्टर के माध्यम से गौरेया के जीवन चक्र के साथ ही गौरेया के संरक्षण को लेकर किए जाने वाले उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। पत्रकार अजय खंतवाल ने गढ़वाल के पर्यटन स्थलों को बर्ड टूरिज्म के रूप में विकसित करने की जरूरत बताई। ग्रीन पल्स सोसाइटी के अध्यक्ष प्रमोद बंसल ने प्लास्टिक सहित किसी भी प्रकार के कूड़े को सार्वजनिक स्थलों पर न फेंकने के लिए प्रेरित किया। कहा कि स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत की परिकल्पना को साकार करने की आवश्यकता है। होलस्टिक मास्टर गणेश काला ने बच्चों को ध्यान के जरिए मानसिक विकास के बारे में बताया। स्कूल के संस्थापक डा. सुभाष चंद्र ढौंडियाल ने कहा कि गौरेया पक्षी व हरे भरे पेड़, प्रकृति व मनुष्यों के परस्पर संबंधों पर विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर गौरेया संरक्षण पर केंद्रित पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई। प्रतियोगिता में शालिनी प्रथम, प्राची व सौम्या संयुक्त रूप से द्वितीय और विविका व वनशिखा संयुक्त रूप से तृतीय रहे। इस मौके पर प्रधानाचार्या सीमा ढौंडियाल, सोसायटी की उपाध्यक्ष परिणिता कंडवाल, सचिव प्रशांत कुकरेती, अरूण पांथरी, सुमन कुकरेती, मोहित कंडवाल, रितुराज सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

## यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर पुलिस कर रही सख्त कार्रवाई

जयन्त प्रतिनिधि।पौड़ी : जिले की पुलिस यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। बीते माह में पुलिस ने 93 लोगों के डीएल निरस्तीकरण की कार्यवाही, तेज गति से वाहन चलाने पर 94 एवं बिना हेलमेट के वाहन चलाने पर 371 लोगों के चालान किये है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह ने बताया कि यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सभी थानाध्यक्षों को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए है। यातायात के नियमों का उल्लंघन करने पर बीते महीने पुलिस ने 93 लोगों के डीएल निरस्तीकरण की कार्रवाई की है। साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने पर 26, तेज गति से वाहन चलाने पर 94, ओवर लोडिंग करने पर 14, बिना हेलमेट के 371, दुपहिया वाहन में तीन सवारी बैठाने पर 65, मोबाइल फोन का प्रयोग करते हुए वाहन चलाने पर 45 के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई है। बताया कि पुलिस की चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगी।

## काश्तकारों ने अधिकारियों को समस्याओं से करवाया अवगत

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : काश्तकारों को सिंचाई में हो रही समस्या के निराकरण को लेकर मालिनी किसान पंचायत भाबर मंडल ने अधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान मंडल ने अधिकारियों से जल्द समस्याओं के निराकरण की मांग की है। कहा कि सिंचाई का पानी नहीं मिलने से काश्तकारों को समस्या हो रही है। मंडल अध्यक्ष जेपी बहुखंड़ी व सचिव मधुसूदन सिंह नेगी के नेतृत्व में सदस्यों ने सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि भाबर क्षेत्र के अधिकांश काश्तकार खेती पर ही निर्भर हैं।

ऐसे में काश्तकारों को सिंचाई का पर्याप्त पानी मिल सकें इसके लिए बेहतर योजना बनाई जानी चाहिए। इसके उपरांत सदस्यों ने अधिशासी अभियंता पेयजल अभिषेक वर्मा से मुलाकात करते हुए ट्यूबवेल नंबर 50 का इंटर कनेक्शन पेयजल हेतु करने की भी मांग की। साथ ही कलालघाटी से हल्दुखाता की ओर बिछाई गई पीवीसी लाइन को बदलने की भी मांग उठाई। इस मौके पर सचिव पुरुषोत्तम डबराल, राजेंद्र प्रसाद जोशी, भगवती प्रसाद, चंद्रपाल, कलम सिंह, दिनेश सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।

# संसद में गढ़वाल की आवाज को किया गया मौन : गोदियाल

## कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने यमकेश्वर व कोटद्वार क्षेत्र में किया जनसंपर्क



यमकेश्वर क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाते गणेश गोदियाल

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : गढ़वाल सीट से कांग्रेस प्रत्याक्षी गणेश गोदियाल ने शुक्रवार को यमकेश्वर, दुगड्डा व कोटद्वार क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में गढ़वाल क्षेत्र की आवाज को संसद में मौन कर दिया गया। जनता द्वारा चुने गए नेताओं ने भी केवल बड़े नेताओं की गुलामी ही की। कहा कि वह पहाड़ के हितैशी रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा के पद चिन्हों पर चल रहे हैं। पहाड़ के बेहतर विकास के लिए आमजन को सोच समझकर ही अपने मत का प्रयोग करना चाहिए।

दुगड्डा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी लोकतंत्र के लिए खतरा है। दस वर्षों में जितने भी सांसद गढ़वाल लोकसभा सीट से चुने गए उन्होंने केवल सत्ता में बैठे बड़े नेताओं की गुलामी की। उन्होंने लोकसभा क्षेत्र से कोई मतलब नहीं रहा। कहा कि जिस ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल को भाजपा के नेता अपनी योजना बता रहे हैं। वह कांग्रेस के शासन काल में स्वीकृत हुई थी। कांग्रेस ने इसके लिए चालीस हजार करोड़ का बजट भी स्वीकृत किया था। भाजपा केवल जनता को गुमराह करने का कार्य कर रही है। भाजपा केवल शिलान्यास के पत्थरों को बदलने का काम कर रही है। भाजपा दूसरों की उपलब्धियों को हड़पने का काम कर रही है। आज भाजपा वतंतरा मामले में उत्तराखंड की बेटी के हत्यारों को बचाने का काम कर रही है। जबकि, पूरा प्रदेश बेटी को न्याय दिलवाने के लिए सड़कों पर आंदोलन कर रहा है। कहा कि भाजपा ने जिन्हें उनके खिलाफ मैदान में उतारा है वह पूर्व में राज्यसभा सांसद रहे हैं। लेकिन, उन्होंने भी आज तक पहाड़ की आवाज केंद्र के समक्ष नहीं उठाई। जबकि, वह मंचों से कह रहे हैं कि वह प्रधानमंत्री व गृहमंत्री के खास है। लेकिन, उन्होंने राज्यसभा सांसद रहते हुए गढ़वाल के लिए क्या किया यह भी जनता को बताएं।

# पोस्टर प्रतियोगिता में दीपक चंद्र रहा प्रथम

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : स्वीप क्लब की ओर से राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी में मतदान जागरूकता विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस दौरान प्रतियोगिता में बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र दीपक चंद्र ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को मतदान के महत्व के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में प्राचार्य अरविंद सिंह ने विद्यार्थियों को मतदान के महत्व के बारे में बताया। कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए हमें अवश्य अपने मत का प्रयोग करना चाहिए। हमारा एक मत देश को मजबूत बनाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए भी कहा। इस दौरान पोस्टर प्रतियोगिता में बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र दीपक चंद्र ने प्रथम, बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा काजल सती ने द्वतीय एवं बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा शोभी अंसारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डा. भोलानाथ, गिरीश चंद्र, थे। इस मौके पर डा. गीता रावत शाह, डा. ऊषा सिंह, गिरीश चंद्र, मनीष सरवालिया, कुसुम देवी, जयदीप सिंह नेगी, शैलेश घनसेला, जयदेव सिंह बिष्ट, भारत सिंह बिष्ट, डा. किशोर कुमार, आशुतोष रावत, सन्नी नेगी, सुमन नेगी, अजय रावत, पवन कुमार आदि मौजूद रहे।




राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 170 लोगों ने कराया उपचार

श्रीनगर गढ़वाल : रोटरी क्लब श्रीनगर ने मैक्स हॉस्पिटल देहरादून के सहयोग से रामलीला मैदान श्रीनगर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया। शिविर में मैक्स हॉस्पिटल से न्यूरो फिजिशियन डॉ. दृष्टि गुप्ता व कार्डियोलोजिस्ट डॉ. नवीन नाथ ने 170 लोगों का हेल्थ चेकअप किया। शिविर में 90 लोगों की बीपी, सूगर की जांच एवं 40 लोगों की ईसीजी की गई। शिविर में डॉ. दृष्टि गुप्ता ने हृदय एवं नशों की बीमारी के लक्षणों के बारे में लोगों को जानकारी दी। रोटरी क्लब श्रीनगर के अध्यक्ष राहुल कपूर ने सभी डॉक्टरों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हरीश भट्ट द्वारा किया गया। इस अवसर पर बृजेश भट्ट, के बी थपलियाल, खिलेन्द्र चौधरी,मो आसिफ, मनीष कोठियाल, दिनेश जोशी, क्लब सचिव डॉ. केके गुप्ता आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान करने की अपील



राजकीय महाविद्यालय कल्जीखाल की छात्राएं रैली निकालते हुए।

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : राजकीय महाविद्यालय कल्जीखाल की छात्राओं द्वारा कल्जीखाल बाजार में नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नागरिकों को संदेश देते हुए मतदान करने की अपील की।

कल्जीखाल बाजार से रैली निकालते हुए छात्राओं ने संदेश देते हुए कहा कि आगामी 19 अप्रैल को देश के लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए हर नागरिक की समान भागीदारी अनिवार्य है। मतदान के माध्यम से ही देश को विकास के पथ पर आगे ले जाया जा सकता है। स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. निशा चौहान ने कहा कि मतदान करना परम कर्तव्य माना गया है। 19 अप्रैल को सभी नागरिक सबसे पहले वोट डालने जाएं और वोट देकर देश के विकास में अपनी भागीदारी निभायें। इस कार्यक्रम के बारे में मधु ममगाई ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से नागरिकों में जागरूकता आती है। नुक्कड़ नाटक में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा तानिया पटवाल, हिमानी, आना, हेमलता, सोनाली ने अभिनय किया।

# गढ़वाल लोकसभा सीट के लिए एक प्रत्याक्षी ने कराया नामाकंन



गढ़वाल लोकसभा सीट के लिए नामाकंन कराते हुए प्रत्याक्षी।

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : गढ़वाल लोकसभा सीट के लिए शुक्रवार को एक प्रत्याशी द्वारा नामाकंन पत्र दाखिल किया गया। वहीं चार नामाकंन पत्रों की बिक्री हुई। अभी तक 13 नामाकंन पत्रों की बिक्री हो चुकी है। 27 मार्च नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि है।

गढ़वाल लोक सभा सामान्य निर्वाचन हेतु चल रही नामाकंन के तीसरे दिन पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया(डेमोक्रेटिक) की प्रत्याशी सुरेशी देवी कोहली ने नामाकंन पत्र दाखिल किया। उन्होंने शुक्रवार को ही नामाकंन पत्र खरीदा था। इसके अलावा भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी के लिए अनसूया उनियाल ने नामाकंन पत्र खरीदा। निर्दलीय प्रत्याशी अश्वनी मैंदोला और दीपेंद्र नेगी ने स्वयं नामांकन पत्र खरीदे। रिटर्निंग अधिकारी/जिलाधिकारी पौड़ी डॉ. आशीष चौहान ने बताया कि अभी एक प्रत्याशी द्वारा नामाकंन पत्र दाखिल किया गया।

## अधिक प्रदूषण होने से घट रही उम्रः डा. नागेंद्र

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के भौतिकी विभाग की पांच दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का शुक्रवार को समापन हुआ।

कार्यशाला में विज्ञान विशेषज्ञों ने अपने शोध पत्र पढ़े और छात्रों को विभिन्न यंत्रों की हैंड्स ऑन ट्रेनिंग भी प्रदान की। समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि गढ़वाल विवि के प्रति कुलपति प्रो. आरसी भट्ट ने हॉलिस्टिक कनेक्शन्स (ए मल्टी डिसिप्लिनरी एप्रोच टू यौगिक साइंस, एजुकेशन एंड क्लाइमेट चेंज) नामक पुस्तक का विमोचन किया।

भौतिकी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. आलोक सागर गौतम एवं डॉ. तुषार कंडारी ने बताया कि पुस्तक नई शिक्षा पद्धति के नियमों के तहत बनाई गई है। (एजेंसी)

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण

जयन्त प्रतिनिधि।पौड़ी : जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने छतरीधार स्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने ईवीएम नोडल अधिकारी को निर्देश दिये कि जिन ईवीएम मशीनों का प्रथम रेण्डमाइजेशन हुआ है उन्हें एकत्रित कर विधानसभावार अलग कक्ष में शिफ्ट करें।

बीते दिन गुरूवार को भारत निर्वाचन आयोग के ईएमएस सॉफ्टवेयर के माध्यम से जनपद पौड़ी की 06 विधानसभाओं का राजनैतिक दलों की उपस्थिति में ईवीएम मशीनों का प्रथम रेण्डमाइजेशन किया गया। इसके बाद इन मशीनों को विधानसभावार अलग कक्ष में रखा जायेगा। राजनैतिक दलों की उपस्थिति में बेलेट यूनिट 1604, कंट्रोल यूनिट 1604 तथा वीवीपैट 1627 का प्रथम रेण्डमाईजेशन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम नोडल अधिकारी को सुरक्षा बलो के साथ ईवीएम मशीनों को विधानसभावार शिफ्ट करने के निर्देश दिये। इस दौरान ईवीएम नोडल अधिकारी शिवा, तहसीलदार दीवान सिंह राणा सहित अन्य अधिकारी व कार्मिक उपस्थित थे।



जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आशीष चौहान ईवीएम के बारे में जानकारी लेते हुए।

## एसयूसीआई प्रत्याशी रेशमा ने श्रीनगर में किया जनसंपर्क

श्रीनगर गढ़वाल। गढ़वाल लोकसभा से सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) पार्टी की प्रत्याशी रेशमा पंवार ने शुक्रवार को अपने समर्थकों के साथ शहर के गणेश बाजार, वीरचन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गोला पार्क में लोगों से मिलकर जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वह लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता दें और जनता के लिए काम करने वाले उम्मीदवार को वोट करें। उन्होंने लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए लोगों से इच्छा अनुसार उन्हें आर्थिक मद्द देने की अपील भी की।

जनसम्पर्क अभियान के दौरान उन्होंने योग्यता के अनुसार रोजगार, शिक्षण संस्थानों में शिक्षण और गैरशिक्षण पदों पर स्थायी नियुक्तियों, प्रदेश भर में महिलाओं और युवतियों की सुरक्षा सुनिश्चित, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में सुधार से जुड़े अपने चुनावी मुद्दों को लोगों के सामने रखा। इस मौके पर डॉ. मुकेश सेमवाल, संदीप कुमार, मोनिका चौहान, रंजना, भानू, राजदीप, अजय, हिमानी आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## कैबिनेट मंत्री डा. रावत ने मांगे वोट

श्रीनगर गढ़वाल : कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत ने खिर्सू ब्लॉक के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क कर भाजपा लोस प्रत्याशी अनिल बलूनी के पक्ष में वोट मांगे। शुक्रवार को कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत ने नौगांव, चोपड़ा आदि गांवों का भ्रमण करने के बाद श्रीनगर में श्रीनगर विधानसभा प्रबंधन समिति की बैठक की। डा. रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस बार 400 पार कर इतिहास रचेंगे।उन्होंने गढ़वाल लोस सीट को पांच लाख के अंतर से जीतने के लिए कार्यकर्ताओं को जी जान से जुट जाने को कहा। बैठक में लोकसभा प्रबंधन समिति के प्रभारी पुष्कर काला, विधानसभा प्रभारी नरेन्द्र टम्टा, मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र धिरवाण, रमेश मन्द्रवाल, गिरीश पैन्यूली, जितेन्द्र रावत, लखपत भण्डारी, गणेश भट्ट आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## पुलिस ने पीड़ितों को ठगी की रकम वापस दिलाई

टिहरी : टिहरी पुलिस ने विभिन्न मामलों में साइबर अपराध का शिकार हुए पीड़ितों को उनकी 1 लाख 19 हजार 266 रुपये की राशि वापस दिलाई। धन वापसी पर पीड़ितों ने टिहरी पुलिस का आभार जताया। पुलिस की मीडिया सेल ने जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न प्रकार के झांसों में आकर साइबर अपराधियों के चंगुल में आए गोविंद सिंह भंडारी निवासी ढालवाला को टिहरी पुलिस ने 34 हजार की धनराशि वापस दिलाई। चंबा निवासी पूनम भंडारी को 23 हजार की राशि वापस दिलाई। जबकि कीर्तिनगर टिहरी के रहने वाले नितेश चंद्र को 62 हजार 266 की राशि दिलाते हुए कुल 1 लाख 19 हजार 266 की धनराशि साइबर अपराध पीड़ितों को वापस दिलाई है।

साइबर अपराध के मामलों में एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर का कहना है कि वर्तमान समय में ई-मेल या लिंक भेजकर एवं सोशल साइट्स पर भिन्न-भिन्न प्रकार के लुभावने ऑफरों के लालच दिया जा रहा है। कुछ लोग लालच में आकर साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं। जिससे बचने की जरूरत है। पीड़ितों को धनराशि वापस दिलाने में साइबर टीम के प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार, अजयवीर, राहुल सरग्वान, रज्जीकौर आदि की भूमिका अहम रही। (एजेंसी)

# ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन किया



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने संबंधित अधिकारियों व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति एवं वर्चुअल माध्यम से जनपद की दोनों विधान सभाओं में निर्वाचन हेतु उपयोग में लाए जाने वाले ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का एनआईसी कक्ष में प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन प्रक्रिया को संपादित कराने के लिए 652 ईवीएम एवं वीवीपैट्स मशीनें उपलब्ध हैं जिसमें 651 ईवीएम-वीवीपैट मशीनें उपयोग में लाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि दोनों विधान सभाओं में 362 बूथ हैं जिसमें 07-केदारनाथ विधानसभा में 173 तथा 08-रुद्रप्रयाग विधानसभा में 189 मतदान बूथ हैं। जिसमें केदारनाथ में 321 ईवीएम, वीवीपैट एवं रुद्रप्रयाग में 330 ईवीएम व वीवीपैट मशीनें उपयोग में लाई जाएंगी। किसी भी प्रकार की तकनीकी खराबी होने पर मशीनों को तत्काल बदला जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि वेयर हाउस में रखी मशीनों को राजनैतिक दलों की उपस्थिति में एआरओ को ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनें उपलब्ध कराई जाएंगी। इस अवसर पर वर्चुअल माध्यम से जिलाध्यक्ष भाजपा महावीर सिंह पंवार, कांग्रेस के हरीश गुसांई, बैठक में कांग्रेस शहर अध्यक्ष प्रशांत डोभाल, महामंत्री दीपक भंडारी, जीतपाल कठैत, भाजपा प्रतिनिधि सुरेंद्र रावत, अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्याम सिंह राणा, उप जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग आशीष घिल्डियाल, ऊखीमठ अनिल कुमार शुक्ला, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी धीरज कुमार, अधिशासी अभियंता लोनिवि इंद्रजीत बोस, ग्रामीण निर्माण विभाग मीनल गुलाटी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी दीप्ति चमोली सहित समस्त सहायक रिटर्निंग ऑफिसर मौजूद रहे।

## उद्यमिता विकास कार्यक्रम का हुआ समापन

चमोली : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोपेश्वर में चल रहे 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीपी) का शुक्रवार को समापन हो गया है समापन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो. कुलदीप सिंह नेगी ने कहा कि सरकारी नौकरी के घटते अवसरों के कारण वर्तमान समय में उद्यमिता से रोजगार पाना एक अच्छा विकल्प साबित हो रहा है। इसलिए युवाओं को स्वरोजगार की ओर कदम बढ़ाने चाहिए। कार्यक्रम के संपर्क अधिकारी जगदीप किशोर ने बताया कि बारह दिवसीय उद्यमिता प्रशिक्षण में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने दुग्ध पालन, फल उत्पादन, कृषि उत्पादन, जड़ी बूटी उत्पादन, डिजिटल मार्केटिंग, सॉफ्टवेयर निर्माण, अनुवाद सेवाएं, धार्मिक एवं साहसिक पर्यटन, होमस्टे, स्वतंत्र लेखन में स्वरोजगार की संभावनाएं पर व्याख्यान दिए। इस अवसर पर डॉ. दीपक दयाल, संध्या रावत, डीएस नेगी, वीरेंद्र असवाल, कपिल भंडारी, इरम अंसारी आदि उपस्थित रहे। (एजेंसी)

# चुनाव बहिष्कार पर अड़े कपीरी के 11 बूथों के लोग

चमोली : सुमल्टा-कोलाडुंग्री मोटर मार्ग की वित्तीय स्वीकृति सहित 12 मांगों का निराकरण न होने से नाराज कपीरी क्षेत्र के लोगों की तहसीलदार के साथ बैठक बेनतीजा रही।

कहा गया कि वार्ता केवल विधायक, मंत्री व डीएम के साथ ही की जाएगी। थराडुंग्री-नैनीसैंण-बगोली मोटर मार्ग को स्टेट हाईवे घोषित न किए जाने, कालेश्वर-कांडामैखुरा-कपीरी पंपिंग योजना के निर्माण में देरी व स्कूलों में शिक्षकों की कमी आदि को लेकर कपीरी विकास संघर्ष समिति के लोग नाराज चल रहे हैं। हाल ही में उन्होंने 11 बूथों पर चुनाव बहिष्कार का निर्णय लिया था। जिस पर ग्रामीणों की गड़कोट कपीरी में तहसीलदार सुधा डोभाल, कानूनगो बिजेंद्र गुसाईं, पटवारी अशोक बैरवाल के साथ हुई वार्ता विफल रही। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर शासन-प्रशासन व संबंधित विभागाध्यक्षों को ज्ञापन के माध्यम से लगभग 12 सूत्रीय मांगों से अवगत कराते आ रहे हैं।

लेकिन जनता की समस्याओं को नजर अंदाज किया गया। निर्णय लिया गया कि चुनाव बहिष्कार के विषय पर वार्ता केवल विधायक, मंत्री व जिलाधिकारी चमोली के साथ ही की जाएगी। (एजेंसी)

# भाजपा प्रत्याशी ने ओंकारेश्वर मंदिर में की पूजा अर्चना

रूद्रप्रयाग : गढ़वाल लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी ने शुक्रवार को विभिन्न स्थानों पर जनता से संपर्क किया। चमोली जनपद से सीधे वे ऊखीमठ पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पंचकेदार गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में पूजा अर्चना की। शुक्रवार प्रातः अनिल बलूनी भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ ओंकारेश्वर मन्दिर में पहुंचे। जहां पर उन्होंने मंदिर में पूजा अर्चना कर भगवान से आशीर्वाद लिया। इसके बाद बलूनी ऊखीमठ मुख्य बाजार पहुंचे यहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। जिसके बाद मुख्य बाजार में जनसम्पर्क कर उन्होंने भाजपा को वोट देने की अपील की।

भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के ऊंचाइयों पर पहुंच रहा है। इसलिए उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान करें। इसके बाद उन्होंने भीरी एवं सौड़ी में कार्यकर्ताओं से मुलाकात एवं जनसंपर्क किया। इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल, विधायक शैलारानी रावत, बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय, राज्यमंत्री चण्डी प्रसाद भट्ट, जिपं अध्यक्ष अमरदेई शाह, भाजपा जिलाध्यक्ष महावीर पंवार, जिपं उपाध्यक्ष सुमन्त तिवारी, व्यापार मण्डल अध्यक्ष राजीव भट्ट, प्रदीप राणा, कुलदीप रावत, अजय सेमवाल, कुशाल सिंह, सतेंद्र बर्त्वाल, आशीष नौटियाल आदि थे। (एजेंसी)

# ईवीएम-वीवीपेट का प्रथम चरण का रैण्डामाईजेशन सम्पन्न

टिहरी : लोक सभा चुनाव की तैयारियों के तहत शुक्रवार को जनपद टिहरी क्षेत्रान्तर्गत समस्त छह विधान सभाओं के लिए ईवीएम और वीवीपेट का प्रथम चरण का रैण्डामाइजेशन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी मयूर दीक्षित की उपस्थिति में एनआईसी कक्ष में भारत निर्वाचन आयोग के सॉफ्वेयर पर विधान सभावार ईवीएम और वीवीपेट का रेण्डमली प्रथम रैण्डामाईजेशन किया गया। यह सब राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति एवं वीडियोग्राफी की निगरानी में किया गया।

जनपद में 1645 बैलेट यूनिट, 1974 कन्ट्रोल यूनिट और 1708 वीवीपेट में से 77 बीयू, 77 सीयू और 77 वीवीपेट को ट्रेनिंग के लिए अलग करते हुए रैण्डामाइजेशन किया गया। जनपद के 963 पोलिंग बूथों के लिए विधानसभावार व रेश्यों वाइज बैलेट यूनिट और कन्ट्रोल यूनिट का 60 प्रतिशत तथा वीवीपेट का 65 प्रतिशत रैण्डामाइजेशन किया गया। प्रथम रैण्डामाइजेशन के बाद विधानसभावार सूची का प्रिंटआउट निकालकर सूची में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों सहित संबंधित अधिकारियों के हस्ताक्षर किये गये। एक-एक प्रतिलिपि राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को उपलब्ध कराई गई। ईवीएम और वीवीपेट मशीनों को कड़ी पुलिस सुरक्षा और वीडियोग्राफी की निगरानी में वेयर हॉउस से आईटीआई भवन नई टिहरी में विधान सभावार बने स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखी जा रही है। इस मौके पर नोडल ऑफिसर स्वीप सीडीओ डा. अभिषेक त्रिपाठी, एडीएम केके मिश्रा, जिला संयोजक भाकपा भगवान सिंह राणा, मण्डल उपाध्यक्ष भाजपा जयेन्द्र पंवार, अध्यक्ष युवा कांग्रेस टिहरी नवीन सेमवाल, प्रदेश सचिव बसपा सुशील पाण्डेय आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

## सरोज शाह बनी महिला कांग्रेस की प्रदेश महामत्री

चमोली : नगर पंचायत गैरसैंण की निर्वतमान सभासद सरोज शाह को प्रदेश महिला कांग्रेस का प्रदेश महामंत्री बनाया गया है। उनका मनोनयन प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने एआईसीसी महिला अध्यक्ष की सहमति उपरांत किया है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुरेन्द्र बिष्ट, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दान सिंह नेगी, निर्वमान सभासद जगदीश ढौंडियाल एवं नगर महिला अध्यक्ष मीना देवी, मोहन लाल, संजू ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि इससे लोक सभा चुनाव में पार्टी को लाभ मिलेगा। (एजेंसी)

## स्वच्छता पखवाड़े में चलाया हस्ताक्षर अभियान

चमोली : पीजी कॉलेज कर्णप्रयाग में नमामि गंगे के तहत छात्र-छात्राओं ने नदियों व प्राकृतिक जलस्त्रोतों को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। इस दौरान प्राचार्य प्रो. केएल तलवाड़ ने प्राध्यापकों एवं छात्र छात्राओं को गंगा की स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया। नमामि गंगे के नोडल अधिकारी डॉ. तौफिक अहमद ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़े के तहत छात्र-छात्राओं एवं आमजनमानस को जागरूक करने के लिए जनजागरूकता रैली, अलकनंदा एवं पिंडर नदी के तट पर स्वच्छता अभियान एवं विचार गोष्ठी, पोस्टर, निबंध, भाषण प्रतियोगिताओं, युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। मौके पर डॉ. एमएस. कंडारी, डॉ. अखिलेश कुकरेती, डॉ. आरसी भट्ट, डॉ. कविता पाठक, डॉ. चंद्रावती टम्टा, डॉ. दिशा शर्मा, डॉ कीर्तिराम डंगवाल, डॉ. शालिनी सैनी, डॉ. इंद्रेश पांडेय आदि थे। (एजेंसी)

# लोकसभा चुनाव : मशीनों का विधानसभा क्षेत्रवार किया आवंटन




जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : लोकसभा सामान्य निर्वाचन को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना की अध्यक्षता एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में शुक्रवार को एनआईसी कक्ष में ईवीएम मशीनों का पहले चरण का रेंडमाइजेशन किया गया। जिसमें 966 बीयू, 966 सीयू और 990 वीवीपैट मशीनों को विधानसभा क्षेत्रवार आवंटन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निष्पक्ष चुनाव करने के लिए हर स्तर पर निर्धारित नियमों और प्रक्रिया का पूरा अनुपालन करते हुए पारदर्शिता बरते जाने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों को रेंडमाइजेशन प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी। इसके बाद सबके सम्मुख ईवीएम मशीनों का रेंडमाइजेशन किया गया। पहले चरण में मशीनों की बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट व वीवीपैट का सॉफ्टवेयर रेंडमाइजेशन के जरिए विधानसभा क्षेत्रों के लिए आवंटन किया गया। दूसरे चरण में रेंडमाइजेशन के जरिए ही ईवीएम मशीनों को बूथ वार आवंटन किया जाएगा। पहले रेंडमाइजेशन के लिए बद्रीनाथ विधानसभा के लिए 348 सीयू, 348 बीयू और 359 वीवीपैट का आवंटन किया गया। थराली विधानसभा के लिए 345 सीयू, 345 बीयू और 349 वीवीपैट का आवंटन हुआ। जबकि कर्णप्रयाग विधानसभा के लिए 270 सीयू, 270 बीयू और 279 वीवीपैट का आवंटन किया गया। इन मशीनों में रिजर्व व्यवस्था के लिए आवंटित मशीनें भी शामिल है। रेंडमाइजेशन के दौरान अपर जिला निर्वाचन अधिकारी अभिनव शाह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक प्रकाश, ईवीएम के नोडल अधिकारी सूरज भान सिंह, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी हेमंत मौर्य, आप पार्टी के अनूप सिंह रावत, आईएनसी के मदन लोहनी, बसपा के संदीप कुमार सहित समस्त सहायक रिटर्निंग ऑफिसर उपस्थित थे।

# सांसद उम्मीदवार राज्यलक्ष्मी ने उत्तरकाशी के कई इलाकों में किया जनसंपर्क



उत्तरकाशी। टिहरी लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी माला राज्य लक्ष्मी शाह ने अपने दो दिवसीय चुनाव भ्रमण कार्यक्रम के तहत गाजणा के बाद शुक्रवार को दूसरे दिन उत्तरकाशी नगर क्षेत्र, भटवाड़ी व डुण्डा के विभिन्न गांवों में पहुंच कर लोगों से जनसंपर्क किया तथा लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर लोगों ने प्रत्याशी राज्य लक्ष्मी शाह का फूल मालाओं व ढोल नगाड़ों से स्वागत किया। अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान सांसद उम्मीदवार राज्यलक्ष्मी शाह ने कहा हमारे कार्यकर्ताओं के त्याग, तप की बदौलत हम विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बने हैं।

उन्होंने अबकी बार 400 पार का नारा दोहराया और फिर से केंद्र में भाजपा की सरकार बनाने का आह्वान किया। इस दौरान पर विधायक गंगोत्री सुरेश चौहान व पूर्व विधायक विजयपाल सिंह सजवाण भी साथ में चुनाव प्रचार में दिखे। पूर्व विधायक सजवाण के भाजपा में शामिल होने पर लोगों ने खुशी जताते हुए उनका स्वागत किया। प्रचार अभियान के दौरान जिला अध्यक्ष सत्येन्द्र राणा, विधानसभा प्रभारी जगत सिंह चौहान, प्रदेश प्रवक्ता विनोद सुयाल, पूर्व विधायक केदार सिंह रावत, चारधाम के पूर्व उपाध्यक्ष सूरत राम नौटियाल, शांति गोपाल रावत, प्रमुख विनीता रावत, चन्दन पंवार, नागेन्द्र चौहान आदि थे।

## गृह परीक्षा के मेधावी छात्रों का सम्मान

ऋषिकेश। पुष्पा बडेरा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सम्मान समारोह हुआ, जिसमें विद्यालय की गृह वार्षिक परीक्षा के परिणाम घोषित कर मेधावियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय में ओवर ऑल कनिष्ठ वर्ग में सौरभ खंडूड़ी और वरिष्ठ वर्ग में तरुण रावत अव्वल रहे। शुक्रवार को ढालवाला स्थित पुष्पा बडेरा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी गजेंद्र उनियाल, विद्यालय प्रबंधक हर्षमणि व्यास, प्रधानाचार्य विजय बडोनी ने गृह वार्षिक परीक्षा के मेधावियों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य विजय बडोनी ने बताया कि कक्षा छह में तन्मय सेमवाल, कक्षा आठ में स्वप्निल जोशी, सत्यम नेगी, पीयूष राव, कक्षा नौ में दीपक ठाकुर, अक्षत उनियाल, सचिन जोशी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।



# डीएम ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

चम्पावत। डीएम नवनीत पांडेय ने दूरस्थ क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने बूथों में आवश्यक न्यूनतम सुविधाएं जुटाने के निर्देश दिए।लोक सभा चुनाव को लेकर डीएम ने जूनियर हाईस्कूल दुधौरी लड़ाबोरा, पचनई, प्राथमिक विद्यालय खटोली, रमक व वैला मतदान केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने बीएलओ को बूथों में बुनियादी सुविधाएं जुटाने को कहा। डीएम ने बूथों में पेयजल, स्वच्छता, शौचालय और रैंप का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से बगैर किसी डर के मतदान करने की अपील की।

# परमार्थ निकेतन में विश्व जल दिवस पर कार्यशाला का आयोजन



ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन में विश्व जल दिवस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने छात्र–छात्राओं को जल के महत्व, संरक्षण और प्रदूषण मुक्त करने के लिए जागरूक किया। शुक्रवार को परमार्थ निकेतन में ग्लोबल इंटरफेथ वाश एलायंस और यूएनओपीएस द्वारा कार्यशाला आयोजित की गई, जिसका शुभारंभ उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी, रॉयल डेनिश दूतावास में राजदूत फ्रेडी स्वेन, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के पूर्व महानिदेशक राजीव रंजन मिश्रा, भारतीय वन्यजीव संस्थान की डीन डॉ. रुचि बड़ोला, इंडो–नॉर्डिक वॉटर फोरम के संयोजक अंशुल जैन, परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती ने संयुक्त रूप से किया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि अक्सर सुनते आए हैं कि अगला युद्ध पानी के लिये होगा। इसलिये जल संरक्षण जरूरी है। यदि इस दिशा में जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो हम अपने जल स्त्रोतों और नदियों को खो देंगे। स्वामी चिदानंद सरस्वती ने कहा कि जल प्रदूषण का कारण भी हम हैं और समाधान भी।

## ब्लॉक के शिक्षकों की आज लगेगी चौपाल

विकासनगर। ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक संवर्ग के शिक्षकों की आज चौपाल लगेगी। जैन बालिका इंटर कॉलेज में होने वाली चौपाल का उद्देश्य भविष्य में प्राथमिक शिक्षा के साथ रोजगार से संबंधित मुद्दों एवं संभावनाओं की तलाश करना है। इसके साथ ही प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता और उपलब्ध संसाधनों पर भी चर्चा की जाएगी।प्राथमिक शिक्षा में सुधार के लिए सरकार के साथ ही खुद शिक्षक भी जद्दोजहद में लगे हुए हैं। शिक्षकों का कहना है कि प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय में दो शिक्षक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में तीन शिक्षकों की तैनाती अनिवार्य की जानी चाहिए।

# पुरोला में कांग्रेस प्रत्याशी जोत सिंह का भव्य स्वागत



उत्तरकाशी। टिहरी संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी जोत सिंह गुनसोला का पुरोला पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया।

इस मौके पर गुनसोला ने कमल व रामा सिंराई क्षेत्र में अपना प्रचार कर वोट मांगे। शुक्रवार को पुरोला पहुंचे सांसद प्रत्याशी जोत सिंह गुनसोला ने कहा कि टिहरी संसदीय सीट पर जनता दशकों से राजा, महाराजाओं को चुनती आ रही है। कभी किसी युवा चेहरे को भाजपा ने टिकट नहीं दिया।

बीते पांच वर्ष पहले महारानी राज्य लक्ष्मी शाह ने एक गांव गोद लिया। लेकिन उस गांव की दोबार सुद तक नहीं ली। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को एक जुटता के साथ चुनाव में कार्य करने का आह्वान किया। पूर्व पालिका अध्यक्ष मसूरी मनमोहन सिंह मल्ल ने कहा कि पांच साल तक हमारी सांसद ने जनता का कभी दुख–दर्द नहीं पूछा। किंतु अब चुनाव आते ही हाथ जोड़ वोट मांगनें आ गई है। कहा कि सांसद निधि दूरदराज क्षेत्रों के विकास कार्यों में खर्च नहीं कर पाई। हर वर्ष उनकी सांसद निधि लेप्स हो जाती है, जोकि केंद्र व प्रदेश सरकार की विफलता का एक उदाहरण है।

# युवा मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाई



काशीपुर। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को चुनाव का पर्व देश का गर्व थीम के अंतर्गत युवा मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से एक शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसमें स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार जोशी ने छात्र छात्राओं से अपील की कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने हेतु 18 वर्ष पूर्ण करने पर अपना नाम मतदाता सूची में लिखवाने तथा अपने घर तथा आसपास के अन्य नागरिकों को मतदाता पहचान पत्र बनवाने और शत प्रतिशत मतदान के लिए अवश्य प्रेरित करें। छात्र–छात्राओं ने ईश्वर को साक्षी मानते हुए मतदान की शपथ ली। कार्यक्रम का संचालन सहायक नोडल अधिकारी डॉ. वंदना ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के डॉ. दर्शना पन्त, डॉ. संध्या चौरसिया, डॉ. खेमकरण सोमन, रोहित कुमार, योग प्रशिक्षक रंजीत कुमार, दीपक कुमार, स्वीप कैम्पस एंबेसडर कु पायल बिष्ट, आदर्श कुमार, आरती आदि सहित विभिन्न कक्षाओं के अनेक छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

## अकीदतमंदों ने मांगी अमन–चैन और खुशहाली की दुआ

विकासनगर। रमजान माह के दूसरे जुमे को पछुवादून की तमाम मस्जिदों में नमाज के लिए रोजेदारों की भीड़ रही। अकीदतमंदों ने अमन–चैन और खुशहाली की दुआ की। नमाज के दौरान पुलिस भी सतर्क रही। 11 मार्च से रमजान का पाक माह शुरू हुआ था। दूसरे जुमे यानी शुक्रवार को शहर की जामा मस्जिद, ढकरानी, ढालीपुर, कुंजा, कुंजाग्रांट, अंबाड़ी, जीवनगढ़, कालसी, डाकरा में रोजेदारों की भीड़ रही। जामा मस्जिद में मस्जिद में मौलाना सईद अहमद ने कहा कि रमजान का दूसरा असरा चल रहा है, जो मगफिरत का है। इसमें गुनाहों से तौबा करने वालों को माफी मिलती है। खुदा की इबादत करने, अच्छे रास्ते पर चलने वालों के तमाम गुनाहों को बख्श दिया जाता है। रमजान का हर दिन खुदा की इबादत और कुरआन की तिलावत में गुजारें।

# वाहन चालकों को दी जाएं निर्वाचन कर्मियों जैसी सुविधाएं

विकासनगर। जौनसार बावर टैक्सी यूनियन के सदस्यों ने शुक्रवार को एआरटीओ के सामने अपनी समस्याएं बताईं। उन्होंने कहा कि चुनाव ड्यूटी के लिए अधिकृत किए गए वाहनों को मात्र देहरादून तक का ही डीजल मुहैया कराया जाता है। इसके साथ ही वाहन चालकों के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार किया जाता है।यूनियन के अध्यक्ष मनीष चौहान ने बताया कि उनकी यूनियन से तीस वाहन चुनाव ड्यूटी के लिए अधिग्रहित किए गए हैं।

प्रशासन की ओर से प्रत्येक वाहन को देहरादून से पोलिंग बूथ और पोलिंग बूथ से वापस देहरादून तक का ही डीजल दिया जाता है। अपने स्टेशन से देहरादून तक जाने और वापस स्टेशन पर पहुंचने के लिए डीजल मुहैया नहीं कराया जाता है, जिसके चलते चुनाव के दौरान छह से सात हजार रुपये का नुकसान झेलना पड़ता है। इसके साथ ही वाहन चालकों को रहने और खाने की सुविधा भी नहीं मिलती है। वाहन चालकों को अपने वाहनों में ही रात गुजारनी पड़ती है। खाने की व्यवस्था भी खुद के खर्चे से करते हैं। कहा कि अन्य सभी कर्मचारियों के रहने, खाने की व्यवस्था प्रशासन की ओर से की जाती है। कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी का भुगतान किया जाता है, लेकिन वाहन चालकों के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार करते हुए उन्हें निर्वाचन कर्मियों को मिलने वाली सभी सुविधाओं से वंचित रखा जाता है। कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में वाहन स्वामी और वाहन चालक अपना पूरा योगदान देते हैं, बावजूद प्रशासन उनके साथ सौतेला व्यवहार करता है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com